आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 189 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जोधपुर, गुरुवार, 02 अप्रैल, 2026 | www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें

### अजमेर में खादिम ने स्टूडेंट को गोली मारी

**किराए को लेकर मकान मालिक से हुआ था विवाद**

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर में मकान मालिक और किराए पर रहने वाले खादिम के बीच किराए को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान खादिम ने देसी कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद एक छात्र के हाथ में गोली लग गई। झगड़े और फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम को हिरासत में ले लिया। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के फुस की कोठी में हुई। गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

देसी कट्टे से छात्र को मारी गोली थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया- रोडवेज बस स्टैंड के पीछे कुंदन नगर स्थित फुस की कोठी क्षेत्र में फायरिंग में छात्र को गोली लगने की सूचना मिली। इस पर टीम मौके पर पहुंची और आरोपी खादिम गुलरेज चिश्ती को हिरासत में लिया है। आरोपी गुलरेज चिश्ती के पास देसी कट्टा था। उसने फायर किया तो गोली क्षेत्र में रहने वाले 16 साल के छात्र को लग गई। घायल छात्र को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया गया। थाना प्रभारी ने बताया- आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसका मकान मालिक से किराए को लेकर विवाद हो गया था। तभी वहां मौजूद लोगों ने इकट्ठा होकर उसके साथ मारपीट कर दी थी।

**भारत के लिए बड़ी खुशखबरी**

### सरकार का बड़ा फैसला, एलपीजी का झंझट खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जब रास्ता बंद होता है तो समझदार देश दूसरा रास्ता खोज लेते हैं। मिडिल ईस्ट में जंग, हॉर्मोज स्ट्रेट पर खतरा और भारत के किचन तक पहुंचती गैस की किल्लत। अब तस्वीर बदलने वाली है क्योंकि बता दें कि भारत ने उठा लिया है एक सबसे बड़ा कदम। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने की तैयारी कर ली गई है और अब नजर टिक गई है अफ्रीका के एक ऐसे देश पर जिसका नाम आपने कम सुना होगा यानी कि अंगोला। जी हां, भारत अब अंगोला से एलपीजी यानी कि रसोई गैस खरीदने की तैयारी कर रहा है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर अंगोला ही क्यों चुना गया? क्या इससे गैस संकट खत्म होगा? क्या यह भारत की ऊर्जा रणनीति का गेम चेंजर बनने वाला है? दरअसल बता दें कि ईरान युद्ध और हॉर्मोज स्ट्रेट पर बढ़ते तनाव के बीच भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती है ऊर्जा सुरक्षा। क्योंकि आज की सच्चाई बिल्कुल सामने है और वो यह है कि भारत अपनी लगभग 92% एलपीजी सप्लाई खाड़ी देशों से मंगाता है। जैसे कि यूएई, कतर, सऊदी अरब और कुवैत। और इन सभी सप्लाई का एक ही रास्ता है और वो है स्ट्रेट ऑफ हार्मोस जो सिर्फ 33 कि.मी. चौड़ा है। लेकिन दुनिया के करीब 20% तेल और गैस व्यापार का रास्ता भी यही है। यानी अगर यह रास्ता बंद हुआ तो सीधे असर भारत के किचन तक पहुंच सकता है। और यहीं से शुरू होती है भारत की नई रणनीति। सरकारी कंपनियां, इंडियन ऑयल और बाकी जो कंपनियां हैं जैसे कि बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेट। अब अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनियों से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही है।

### एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग

**सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई, आयु सीमा में छूट न मिलने से सैकड़ों अभ्यर्थी परेशान**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चार दिन बाद होने वाली एसआई भर्ती-2025 को स्थगित करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। सूरजमल मीणा की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि 5 और 6 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित एसआई/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 परीक्षा को कम से कम 4 सप्ताह के लिए टाल दिया जाए। याचिका में कहा गया है कि उसे और उसके जैसे सैकड़ों अभ्यर्थियों को इस भर्ती में आयु सीमा में छूट नहीं दी गई थी। जिसके बाद एकलपीठ के अंतरिम आदेश से उनके फॉर्म स्वीकार किए गए, लेकिन खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने खंडपीठ को 31 मार्च तक सभी अपीलों पर फैसला लेने के लिए कहा था। लेकिन हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उनकी अपीलों पर अभी तक कोई फैसला नहीं दिया है।

### पटेला री पोल

पावरफुल का पावर निकला, उड़ गए सारे तोते
बार-बार बयान पलट रहा, समय निकाल रहा रोते
छोटा देश भी आंख दिखा रहे, सबको ईरान का डर
अमेरिका के चक्कर में पड़, कौन बिगाड़े अपना घर

..मुखिया जी

**राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल**

# 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले

## डॉ. जितेन्द्र सोनी मुख्यमंत्री के सचिव नियुक्त, उत्सव कौशल मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए। कार्मिक विभाग द्वारा जारी यह आदेश राज्यपाल की मंजूरी के बाद तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इस व्यापक बदलाव में 25 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, साथ ही जोधपुर के संभागीय आयुक्त और मुख्यमंत्री कार्यालय के कई अहम पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं। सबसे चर्चित बदलावों में टीना डाबी को बाड़मेर से हटाकर टोंक का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं जयपुर कलेक्टर रहे जितेंद्र कुमार सोनी को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जयपुर के नए कलेक्टर के रूप में संदेश नायक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय में भी बड़ा बदलाव करते हुए रिया डाबी, रजत यादव, अक्षत सिंह और गरिमा नरूला को ओएसडी नियुक्त किया गया है। वहीं उत्सव कौशल और अमित शर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया है। जोधपुर संभाग के नए आयुक्त के रूप में कन्हैया लाल स्वामी की नियुक्ति की गई है। अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों में डॉ. जोगाराम को पंचायती राज विभाग का सचिव, राजन विशाल को जल जीवन मिशन का निदेशक और नमित मेहता को आबकारी विभाग का आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा कई विभागों में आयुक्त, सचिव और निदेशक स्तर पर भी व्यापक फेरबदल किया गया है।

**इन्हें लगाया कलेक्टर**

| | |
|---|---|
| संदेश नायक | : जिला कलेक्टर, जयपुर |
| अनुपमा जोरवाल | : जिला कलेक्टर, जैसलमेर |
| आलोक रंजन | : जिला कलेक्टर, जोधपुर |
| गौरव अग्रवाल | : जिला कलेक्टर, उदयपुर |
| चिन्मय गोपाल | : जिला कलेक्टर, बाड़मेर |
| शुभम चौधरी | : जिला कलेक्टर, प्रतापगढ़ |
| आशीष मोदी | : जिला कलेक्टर, सीकर |
| अंकित सिंह | : जिला कलेक्टर, फलोदी |
| बालमुकुंद | : जिला कलेक्टर, बारां |
| निशांत जैन | : जिला कलेक्टर, बीकानेर |
| टीना डाबी | : जिला कलेक्टर, टोंक |
| रविंद्र गोस्वामी | : जिला कलेक्टर, पाली |
| रोहिताश तोमर | : जिला कलेक्टर, सिरोही |
| हरफूल यादव | : जिला कलेक्टर, बूंदी |
| अवधेश मीणा | : जिला कलेक्टर, डीडवाना कुचामन |
| देवेंद्र कुमार | : जिला कलेक्टर, नागौर |
| अक्षय गोदारा | : जिला कलेक्टर, करौली |
| सौम्या झा | : जिला कलेक्टर, दौसा |
| अतुल प्रकाश | : जिला कलेक्टर, खैरथल तिजारा |
| देशल दान | : जिला कलेक्टर, डूंगरपुर |
| मोहम्मद जुनेद | : जिला कलेक्टर, सलूंबर |
| मयंक मनीष | : जिला कलेक्टर, डीग |
| अपर्णा गुप्ता | : जिला कलेक्टर, कोटपूतली बहरोड |
| अमित यादव | : जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर |
| डॉ. मंजू | : जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ |

**इनको इधर से उधर लगाया**

| | |
|---|---|
| डॉ. जोगाराम | : सचिव, आयुक्त पंचायती राज विभाग, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन |
| राजन विशाल | : निदेशक, जल जीवन मिशन जयपुर |
| जितेंद्र सोनी | : सचिव- मुख्यमंत्री, और सूचना जनसंपर्क विभाग |
| कन्हैया स्वामी | : संभागीय, आयुक्त जोधपुर |
| नकाते मदन | : प्रबंध निदेशक, राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज |
| शिवांगी | : विशिष्ट सचिव, वित्त विभाग सीईओ पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट ट्रेनिंग सोसाइटी |
| ओमप्रकाश | : आयुक्त, नगर निगम, जयपुर |
| नमित मेहता | : आयुक्त, आबकारी विभाग, उदयपुर |
| नम्रता वर्षणी | : विशिष्ट सचिव, खान और पेट्रोलियम विभाग |
| अरविंद | : आयुक्त राजस्थान आवासन मंडल |
| डॉ. रश्मि | : निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, विशिष्ट सचिव सांख्यिकी विभाग |
| लक्ष्मी नारायण | : आयुक्त, उदयपुर और देवस्थान विभाग |
| कल्पना | : विशिष्ट सचिव, जल ग्रहण विकास भू संरक्षण विभाग |
| सुरेश ओला | : प्रबंध निदेशक (रीको) आयुक्त दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर |
| प्रियंका गोस्वामी | : आजीविका परियोजनाएं और स्वयं सहायता समूह जयपुर |
| अल्पा चौधरी | : भू प्रबंधन आयुक्त और पदेन निदेशक बंदोबस्त |
| बाबूलाल गोयल | : आयुक्त,चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर |
| नीलाभ सक्सेना | : आयुक्त, उद्योग और वाणिज्य कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी |
| ललित कुमार | : निदेशक, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग |
| उत्सव कौशल | : संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री |
| गौरव सैनी | : सचिव,जयपुर विकास प्राधिकरण |
| श्वेता चौहान | : आयुक्त, उद्यान की राजस्थान जयपुर |
| राहुल जैन | : आयुक्त, नगर निगम जोधपुर |
| महेंद्र खडगावत | : संयुक्त सचिव, श्रम और कारखाना बॉयलर निरीक्षण विभाग |
| नरेश गोयल | : आयुक्त, कृषि और पंचायती राज विभाग जयपुर |
| जयदेव सी एस | : सचिव, मानवाधिकार आयोग |
| रिया डाबी | : ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| शैलजा पांडे | : सीईओ (माडा) बीकानेर |
| रजत यादव | : ओएसडी, मुख्यमंत्री, जयपुर |
| अक्षत सिंह | : ओएसडी, मुख्यमंत्री |
| गरिमा नरूला | : ओएसडी, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर |

**ममता ने कहा- भाजपा हमारा पैसा लूट रही और झूठ बोल रही**

# कांग्रेस के राजकुमार की हार की सेंचुरी पक्की : मोदी



**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस बार असम में बीजेपी-एनडीए की हैट्रिक लगनी तय है। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस के सो कॉल्ड राजकुमार की पराजय की सेंचुरी आने वाली है। पीएम धेमाजी के गोगामुख में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बीरभूम में जनसभा की। उन्होंने कहा- जब बंगाल आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले रहा था, तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। वे हमारा पैसा लूट रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। वे राम नवमी पर बंदूकें लेकर निकलते हैं।

इधर, असम के डिब्रूगढ़ पहुंची कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- असम में डबल गुलामी वाली सरकार है, एक भ्रष्ट सरकार है। हम देख सकत हैं कि कैसे सब कुछ धमकियों के जरिए किया जा रहा है। यहां माफिया राज और सिंडिकेट राज है। टीएमसी ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के पास लगातार दूसरे दिन अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। पार्टी का आरोप है कि फॉर्म 6 आवेदन जमा करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। चुनाव आयोग को इसकी जांच करनी चाहिए। पश्चिम बंगाल चुनाव के बशीरहाट में बरुनहाट रामेश्वरपुर ग्राम पंचायत के बूथ नंबर 30 पर 125 लोगों के नाम कटने पर स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने नादिया जिले के हंसखाली ब्लॉक के ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर सयंतन भट्टाचार्य को सस्पेंड करने के आदेश दिए। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सीएम एम.के. स्टालिन ने कहा, 'मैं करुणानिधि का बेटा हूं। हम वही करते हैं जो कहते हैं और वही कहते हैं जो करते हैं।' पीएम मोदी ने असम में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने धेमाजी और बिस्वनाथ में दो जगहों पर जनसभा की।

## सिंगर की शिकायत पर विधायक भाटी के खिलाफ मामला दर्ज

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी और भजन गायक छोटू सिंह रावणा के बीच सोशल मीडिया कमेंट को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। बुधवार को छोटू सिंह अपने समाज के लोगों के साथ शिव थाने पहुंचे और भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए शिकायत सौंपी।

शिव थाना अधिकारी सत्यप्रकाश विश्नोई ने बताया कि छोटूसिंह रावणा की रिपोर्ट पर शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी और 5 अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट के साथ एक पेन ड्राइव और कुछ डॉक्यूमेंट दिए है। उनको शामिल कर जांच के लिए सीआईडी-सीबी को भेजी जाएगी।

इस दौरान छोटू सिंह ने शिव विधानसभा में एक टूटी सड़क के वीडियो का जिक्र करते हुए कहा- मैंने चलते-चलते आपकी विधानसभा (शिव) की एक सड़क का वीडियो बना दिया। इसी से हलचल मच गई। अगर मैं तुम्हारी(शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी) बैंड बजाने लग गया तो शिव की सारी सड़कों के हालात दिखा दूंगा।

छोटू सिंह ने कहा- मेरे मित्र मुझे बहुत बोलते है कि आप कहो तो सोशल मीडिया पर कमेंट्स कर दें। मैं उन सभी को रोक रहा था। लेकिन अगर उन्होंने(भाटी) सोशल मीडिया पर कमेंट नहीं रोके तो एफआईआर करवा रहा हूं। उन्होंने कहा- वो(रविंद्र सिंह भाटी) तो जेल जाएंगे और इसमें शामिल अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होगी। जिन-जिन लोगों ने गलत किया है, वो लोग माफी नहीं मांगेगे या सुलह नहीं की, तो यहां बिगुल बजेगा। एक कमेंट से दिल्ली तक बैंड बजा कर रख दी छोटू सिंह ने कहा- मुझे राजनीति की जरूरत नहीं है।

**एमपी-राजस्थान में भी अलर्ट**

## यूपी में तेज बारिश, ओले गिरे



**भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे।

उधर एमपी में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में एवलांच (हिमस्खलन) आया और कई रास्ते बंद हो गए हैं। अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है।

**अगले 2 दिन मौसम का हाल**

- 2 अप्रैल- पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गुजरात, झारखंड और बिहार में हल्की बारिश की संभावना है। कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है।
- 3 अप्रैल- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हल्की बर्फबारी, बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। साथ ही कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी और राजस्थान में भी हल्की बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र में बिजली गिरने की आशंका है।
- 1 से 4 अप्रैल तक आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। एमपी में 15 अप्रैल से भीषण गर्मी पड़ेगी। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल का इलाका तपेगा।

**भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए**

## चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में क्ष्छ्क के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए।



भाजपा ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की आवाज भी सुनाई देती है।

मौके से करीब 10 मीटर दूर स्थित पेट्रोल पंप से सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया, जिसमें धमाके के तुरंत बाद बाइक पर 2 लोग भागते दिख रहे हैं। इनके ही हमलावर होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर की ओर से एक पोस्ट भी सामने आई, जिसमें खालिस्तानी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहा है। चंडीगढ़ पुलिस के साथ ही सेना और एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। बम और डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला गया। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की। संदिग्धों की तलाश में पूरे शहर में नाकाबंदी की गई। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स भी मौके पर पहुंची। इस वारदात की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने ली।

## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सेना ने बुधवार सुबह एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। यह ऑपरेशन मंगलवार रात से जारी था। एक अधिकारी ने बताया कि खास इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, पुलिस और सेना की एक जॉइंट टीम ने मंगलवार शाम को घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक आतंकी के छिपे होने की जानकारी मिली। अंधेरे की वजह से ऑपरेशन रोक दिया गया था। सुबह आतंकी को मार गिराया गया। इससे पहले फरवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों को मार गिराया था। किश्तवाड़ के चतरू में 3 आतंकी ढेर हुए थे। वहीं 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था।

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

### लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक पर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने बुधवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 पास कर दिया है। इस बिल के जरिए अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी का कानूनी दर्जा मिलेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह बिल पेश किया था। इस पर एक घंटे से ज्यादा बहस हुई, जिसके बाद इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आज लोकसभा से जन विश्वास बिल और राज्यसभा से सीएपीएफ बिल भी पास हो गया।




इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने विदेशों से चंदा मिलने वाले विदेशी अंशदान संशोधन बिल को लेकर हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। यह बिल विदेशी अंशदान कानून में संशोधन से जुड़ा है, जिसे 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

# मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता की

### पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल सहित जरूरी सामानों पर चर्चा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई। मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पी.के. मिश्रा और शक्तिकांत दास और कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई।पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है।



इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी। इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया गया था।

पीएम ने कहा था कि यह समस्या लगातार बढ़ रही है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया था कि सरकार के सभी विभाग मिलकर काम करें ताकि आम लोगों को कम से कम परेशानी हो। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कैबिनेट सचिव ने अब तक उठाए गए और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी थी।

इसके अलावा कृषि, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, पेट्रोलियम, बिजली, MSMEs, निर्यात, शिपिंग, व्यापार, वित्त और सप्लाई चेन जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई।

CMYK

## लोहावट पुलिस की कार्यवाही में 5.29 ग्राम एमडी के साथ तस्कर गिरफ्तार



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना लोहावट ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक अभियुक्त के कब्जे से 5.29 ग्राम अवैध एमडी बरामद की है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक फलोदी सतनाम सिंह (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराजसिंह चारण (आरपीएस) और वृताधिकारी लोहावट नगेन्द्र कुमार (आरपीएस) के सुपरविजन में थानाधिकारी हरिसिंह राजपुरोहित (निरीक्षक) की टीम ने यह कार्रवाई की। 31 मार्च 2026 को हंसादेश सरहद पर की गई नाकाबंदी के दौरान महिपाल पुत्र प्रतापाराम विश्नोई ढाका (उम्र 34) निवासी हंसादेश को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एमडी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब एमडी की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल गोविंदाराम, अर्जुनराम, और कांस्टेबल संजय, हडमानाराम व मदनसिंह शामिल रहे।

## होमगार्ड के बेटे ने रचा इतिहास परिवार में छाई खुशियां

### राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय न.1 के छात्र लोकेश चौहान ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक



**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्थानीय राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय न.1 के छात्र लोकेश ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने विद्यालय माता-पिता, नाना-नानी और समाज का नाम रोशन किया है। आगे चलकर यह छात्र राज्य प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है। लोकेश ने बताया कि वह रोजाना नियमित तीन-चार घंटे पढ़ाई करता था और परीक्षा के दिनों में 6-7 घंटे तक लगातार अध्ययन किया है। अपने उत्कृष्ट परिणाम का सेय प्रिंसिपल वीणा यादव व अपने माता-पिता को देता है। मूल जैतारण निवासी साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोकेश की मम्मी नींबू देवी गृहणी है वह पिता गिरधारी लाल होमगार्ड में नौकरी करते हैं। लोकेश ने अपनी पढ़ाई ननिहाल सोजत में रहकर की है। नाना हुक्मी चंद नानी नैनी देवी मामा अर्जुन व प्रकाश ने लोकेश का पूरा सहयोग किया जिसकी बदौलत उसे यह कामयाबी मिली। प्रिंसिपल वीणा यादव गुरु हनवंत सिंह बारहठ, रामकिशोर राठौड़, विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष पूर्व खेल अधिकारी सत्तूसिंह भाटी ने लोकेश का माल्यार्पण कर स्वागत किया। भामाशाह समाजसेवी अनोप सिंह लखावत पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल, वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र लखावत, पदम चितारा, सरवण सांखला, फौजी अशोक सेन डॉ रशीद गौरी शंकर लाल पारीक झूमर लाल गर्ग देवीलाल सांखला रामस्वरूप भटनागर, हाजी अब्दुल सलीम सिलावट मिस्त्री मोहम्मद असलम ताजक अनवर पठान नवनीत राय रुचिर व्यंग्यकार उमाशंकर द्विवेदी पेन्टर दलपत राजेन्द्र व्यास आदि कई गणमान्य जन ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी।

## प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को चांदी के सिक्के देकर किया सम्मानित

### विजय रैली निकाल कर बालिकाओं का किया सम्मान

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** पादरू कस्बे के पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10 एवं 12वीं बोर्ड रिजल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती माता जी के समक्ष पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई और बालिकाओं का मुंह मीठा कर माला साफा पहना कर स्वागत किया गया। बालिकाओं के साथ उनके परिजनों का भी स्वागत सम्मान किया गया। स्कूल प्रशासन ने बालिकाओं को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रशासन द्वारा भव्य विजय रैली निकाल कर बालिकाओं का हौसला बढ़ाया गया। शिक्षा से वंचित बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान विद्यालय छात्राएं, स्कूल स्टाप एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अल्का भुंड ने कहा कि यह कार्यक्रम बालिकाओं को प्रेरित करने और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था।

### माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2026

# रविना सहित मेधावी विद्यार्थियों ने रोशन किया बालोतरा का नाम




### अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने किया सम्मान

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

कला वर्ग में कक्षा 12वीं की छात्रा रविना कुमारी पुत्री झुंझाराम (रा.उ.मा.वि. कमठाई) ने राजस्थान की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। उन्होंने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नरेश कुमार पुत्र पूनमाराम (रा.उ.मा.वि. दूदवा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में खुशी अग्रवाल पुत्री चन्द्र प्रकाश जिंदल (मदर टेरेसा स्कूल, बालोतरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूर्णा राजपुरोहित पुत्री केसालाल (भगवती बाल निकेतन, बालोतरा) द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं वाणिज्य वर्ग में नकुल राठी पुत्र सुनील राठी (श्री वर्धमान स्कूल, बालोतरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पार्थ अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार गुप्ता (श्री वर्धमान स्कूल, बालोतरा) ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इन मेधावी विद्यार्थियों ने बालोतरा जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहते हुए निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

## पीडी खातों का अंक मिलान करवाने के निर्देश

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** समस्त पीडी खाताधारकों एवं प्रशासकों को आगामी 15 दिवस में अंक मिलान करवाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। जिला कोषाधिकारी जसराज चौहान ने बताया कि सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के नियम 264 (5) के अनुसार समस्त पीडी खाताधारकों, प्रशासकों की ओर से अपने पीडी खाते में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत के शेष का मिलान कोषालय के लेखों के शेषों से करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राजस्थान कोषागार नियमावली 2012 के नियम 99 के तहत प्रति वर्ष कोषालय के अधीन संधारित समस्त पीडी खातों के पीडी पासबुक के अनुसार 31 मार्च के शेष का कोषालय के पीडी प्लस माइनस मेमो के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंतिम शेष से अंक मिलान करवाकर संबंधित पीडी खाताधारक, प्रशासक को इस आशय का सहमति प्रमाण पत्र कोषालय में प्रस्तुत करना होता है। उन्होंने बताया कि इन नियमों के तहत संबंधित को निर्देशित किया गया है।

## भीकमकोर हत्याकांड का में 3 ओर आरोपी गिरफ्तार, हथियार व वाहन बरामद



**फलोदी(हुक्मनामा समाचार)।** जिले के भीकमकोर कस्बे में 21 मार्च को हुई युवक रावलसिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो पिस्टल, तीन राउंड और तीन वाहन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए थे। प्रकरण में कुलदीप सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी विश्लेषण और करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दुर्गसिंह और गोपीलाल को अमृतसर (पंजाब) से तथा प्रेम डोगियाल को औसियां क्षेत्र की पहाड़ियों से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों से पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, एक अपाची मोटरसाइकिल, एक होंडा शाइन और एक स्विफ्ट कार बरामद की है। मामले में एक अन्य आरोपी रघुवीरसिंह की निशानदेही पर भी हथियार बरामद किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश थी, जो समय के साथ बढ़कर हत्या जैसी गंभीर वारदात में बदल गई। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, चोरी, नकबजनी और हत्या के प्रयास जैसे अपराध शामिल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## अंकित कुमार सिंह होंगे फलोदी के नए जिलाकलेक्टर



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक फेरबदल के तहत अंकित कुमार सिंह को फलोदी जिले का नया जिलाकलेक्टर (डीएम) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में डूंगरपुर के जिला कलेक्टर पद पर कार्यरत सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें फलोदी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, फलोदी की वर्तमान जिलाकलेक्टर श्वेता चौहान का स्थानांतरण जयपुर में आयुक्त, उद्यानिकी विभाग के पद पर किया गया है। फलोदी जिला बनने के बाद अंकित कुमार सिंह यहां के चौथे जिलाकलेक्टर होंगे। प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली के चलते उनसे जिले में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर भी उनके आगमन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। नई जिम्मेदारी संभालने के बाद सिंह के सामने जिले में आधारभूत सुविधाओं, कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना प्रमुख प्राथमिकताएं रहेंगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी

## खेजड़ा वीर हनुमान मंदिर में भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों मे आज गुरुवार को पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा तथा इसको लेकर हनुमान मंदिरों पर आकर्षक रोशनी से सजावट भी कि गई है।शहर में दिन व सांय समय हनुमान चालीसा सुदंरकाड पाठ होगा जबकि रात्रि समय एक शाम बालाजी के नाम विशाल भजन संध्या का भी जगह जगह भव्य आयोजन होगा शहर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बोयल रोड़ स्थित खेजड़ा वीर हनुमान मंदिर में पुजारी ओम बाबा वैष्णव के सानिध्य में विशेष पूजन होगा इस दौरान बालाजी भक्त कमल किशोर वैष्णव व ललित वैष्णव द्वारा भी विशेष पूजन अनुष्ठान पश्चात प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा वहीं हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रात्रि समय एक शाम खेजड़ा वीर हनुमान के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध कलाकार दिनेश भारती व शत्रुघ्न सोरव वैष्णव द्वारा रातभर भजनों की प्रस्तुति दी गई इसी तरह दक्षिण मुखी बालाजी मोगरिया नाडा बालाजी झरोखा वाले बालाजी मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष धार्मिक आयोजन होगे वही प्राचीन खाखीजी बगेची स्थित बालाजी मंदिर में मंहत हिरामणदास महाराज एवं पुजारी ओकारदास महाराज के सानिध्य में हनुमान चालीसा व रात्रि समय भजन संध्या भी होगी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बालाजी की प्रतिमाओं का तेल सिन्दूर के साथ अभिषेक व भागा भी किया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भक्तो मे विशेष उत्साह बना हुआ है तथा धार्मिक आयोजन की सभी तेयारिया पूरी करली गई है।

## शाला नंदन के जयकारों से गुंजायमान हुई भामाशाहों की नगरी, शौभायात्रा में उमड़ी भीड़

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर



श्रमण भगवान महावीर स्वामी का 2625 वा जन्म कल्याण दिवस मंगलवार को स्थानीय जैन समाज द्वारा श्रद्धा एवं उमंग के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे से चोपाटा बाजार स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा रवाना हुई जो पिपली बास, अस्पताल चौक,कालाभाटा,सदरबाजार इलाजी बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जैन मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई वहीं शोभा यात्रा में सैकड़ो पुरुष और महिला श्रद्धालुओ ने भाग लिया एवं त्रिशला नंदन वीर के जयकारों से भामाशाहों की नगरी पीपाड़ शहर महावीरमय बन गया। शोभायात्रा का भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग, राजस्थान ब्राह्मण महासभा सहित विभिन्न संगठनों द्वारा जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । जैन समाज की शोभायात्रा में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ संस्थान के सभी पदाधिकारी व जैन समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।शोभायात्रा शांति पूर्वक सम्पन्न होने पर उपखंड प्रशासन व थानाधिकारी का कानून व्यवस्था हेतु आभार प्रकट किया गया।इस मौके पर थानाधिकारी खेताराम सियोल के नेतृत्व में भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा तथा शौभायात्रा में जैन समाज के प्रमुखजनो के साथ ही अनुयाइयों की भीड़ उमड़ी।

# सीनियर स्कूल फलोदी में 'मनु वाटिका' का शुभारंभ, पोषण व पर्यावरण संरक्षण की पहल



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** सीनियर स्कूल फलोदी में 'पोषण वाटिका' के रूप में एक अनूठी पहल करते हुए 'मनु वाटिका' का शुभारंभ किया गया। लगभग 120 फीट म 70 फीट क्षेत्र में विकसित की जाने वाली इस वाटिका में औषधीय पौधों, हरी सब्जियों और एक आकर्षक बगीचे का चरणबद्ध विकास किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पोषण, पर्यावरण संरक्षण और स्वावलंबन के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम सादगीपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रिंसिपल मनमोहन पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि 'मनु वाटिका' विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जहां वे प्रकृति के साथ जुड़कर सीखेंगे। उन्होंने सभी से इस पहल को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर विद्यालय के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अरुण कुमार, ईश्वर सिंह, सुखराम, दिनेश थानवी, राजेश तंवर, गिरिराज पुरोहित, अशोक बिश्नोई, बालकिशन, महेंद्र नाथ, सुशीला बुडानिया, नीलम थानवी, मधुबाला, पिंकी परिहार, संजू थानवी, मदन गोपाल, रमेश कुमार, अरुण पुरोहित, कमल पुरोहित, प्रेम जांगिड़ और रामेश्वर सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

विद्यालय परिवार ने 'सरकारी ही असरकारी' के भाव के साथ इस पहल को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल सके।

## सरस्वती मा.वि. सेवकी कल्ला का शानदार प्रदर्शनः 10वीं बोर्ड में 100% रिजल्ट, टॉपर्स का घर-घर सम्मान

**बावडी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 24 मार्च 2026 को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती माध्यमिक विद्यालय, सेवकी कल्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय का परिणाम बावड़ी ब्लॉक में उच्च स्तर का रहा, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय ने विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है।

**मेधावी विद्यार्थी इस प्रकार रहे—** कुलदीप (घनश्याम) 91.83%, खुमाराम (रत्नाराम) 86.50%, मोनिका (मंगलाराम) 86.33%, कैलाश भाटी (किशनाराम) 84.67% तथा कुसुम (पुखराज) 84.50% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

परिणाम घोषित होने के उपलक्ष में विद्यालय परिवार द्वारा अनूठी पहल करते हुए शिक्षकों ने विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उन्हें साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अप्रैल से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

### शनिवार को कलशयात्रा में संत-महात्माओं का होगा भव्य समागम.....

### हाथी-घोड़े, रथ, बैंड व भजन मंडलियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र....



**भीनमाल (हुक्मनामा समाचार)।** शहर स्थित नीमगोरिया क्षेत्रपाल (खेतलाजी) मंदिर के दसवें पाटोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 अप्रैल शनिवार को भव्य कलशयात्रा के साथ होगा।

### कलशयात्रा में संत-महात्माओं का भव्य समागम

कलशयात्रा नगर के गायत्री शक्तिपीठ से प्रातः 8:30 बजे रवाना होगी, जिसमें संत-महात्माओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। कलशयात्रा में हाथी-घोड़े, 5 रथ, ढोल-थाली, बैंड, डीजे, तथा भजन मंडलियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

कलशयात्रा में कथा व्यास युवाचार्य परम पूज्य अभयदासजी महाराज, 1008 पूज्य दंडी स्वामी देवानंदजी सरस्वती, 1008 पूज्य वैरागी प्रवर श्रेष्ठ रमेशदासजी महाराज, 1008 पूज्य महामंडलेश्वर रविशरणानंदगिरीजी महाराज सहित अन्य साधु-संतों की सहभागिता रहेगी।

### कथा स्थल पर विशेष व्यवस्थाएं

सचिव दिनेश कुमार दवे ने बताया कि आयोजन को लेकर नगर की छत्तीस कौम को ससम्मान निमंत्रण दिया जा चुका है और कथा स्थल को आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने का कार्य जारी है।

कोषाध्यक्ष पहाड़सिंह राव ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय, आदर्श बैठक व्यवस्था तथा पूरे पंडाल में जम्बो कूलर लगाए जा रहे हैं। प्रतिदिन कथा के पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। नगर को भगवा पताकाओं से सजाया जा रहा पूरे नगर को भगवा पताकाओं, होर्डिंग्स और बैनरों से सजाया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए नीमगोरिया क्षेत्रपाल ट्रस्ट मंडल की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

# युवा अफसरों को सौंपी जोधपुर जिले की कमान

## स्वामी जोधपुर के नए संभागीय आयुक्त तो आलोक रंजन होंगे कलेक्टर, राहुल जैन नगर निगम के नए कमिश्नर





हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए 65 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस फेरबदल में जोधपुर जिले की कमान युवा और अनुभवी अधिकारियों को सौंपी गई है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। सबसे प्रमुख बदलाव के तौर पर 2013 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक रंजन को जोधपुर का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं अब नए संभागीय आयुक्त 2010 बैच के आईएएस कन्हैयालाल स्वामी होंगे।

आलोक रंजन वर्तमान में चित्तौडगढ़ के कलेक्टर पद पर कार्यरत थे और अब उन्हें जोधपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास बात यह है कि वे पहले भी जोधपुर में एसडीएम के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। 7 दिसंबर 2015 से 4 नवंबर 2016 तक उनका कार्यकाल रहा, जिसमें उन्होंने प्रशासनिक अनुभव हासिल किया। ऐसे में जिले की भौगोलिक और प्रशासनिक समझ उनके लिए इस नई भूमिका में सहायक साबित होगी।

इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से प्रशासनिक सेवा तक का सफर करीब 40 वर्षीय आलोक रंजन ने बीई इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और उनका गृह जिला बांसवाड़ा है। अपने करियर में वे डूंगरपुर, झालावाड़ और भरतपुर जैसे जिलों में कलेक्टर रह चुके हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार में नई दिल्ली स्थित शिपिंग मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्रेटरी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विविध प्रशासनिक अनुभव के चलते उन्हें एक सक्षम और परिणामोन्मुख अधिकारी माना जाता है।

**गौरव अग्रवाल को उदयपुर की जिम्मेदारी :** जोधपुर के वर्तमान कलेक्टर गौरव अग्रवाल को उदयपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। वहीं 2010 बैच के आईएएस अधिकारी कन्हैयालाल स्वामी को जोधपुर का संभागीय आयुक्त नियुक्त किया गया है। अभी तक यह अतिरिक्त प्रभार गौरव अग्रवाल के पास ही था, जिसे अब नियमित रूप से स्वामी को सौंप दिया गया है।

**नगर निगम जोधपुर में भी बदलाव :** जोधपुर नगर निगम में भी बड़ा बदलाव करते हुए 2019 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल जैन को नया नगर निगम कमिश्नर नियुक्त किया गया है। राहुल जैन वर्तमान में उदयपुर विकास प्राधिकरण में आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। 34 वर्षीय जैन मध्यप्रदेश के निवासी हैं और प्रशासनिक सेवा में तेजी से उभरते अधिकारियों में गिने जाते हैं।

**प्रशासनिक अनुभव :** राहुल जैन इससे पहले जयपुर के चौमूं, अजमेर के ब्यावर और सिरोही के माउंट आबू में एसडीएम के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा वे राजसमंद जिला परिषद में सीईओ की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का उनका अनुभव उन्हें जोधपुर नगर निगम के कामकाज को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद करेगा। वर्तमान जोधपुर नगर निगम कमिश्नर सिद्धार्थ पालानीचामी का तबादला कर उन्हें बीकानेर नगर निगम का कमिश्नर बनाया गया है। यह बदलाव शहरी निकायों में प्रशासनिक संतुलन बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

**फलोदी में भी नया कलेक्टर :** फेरबदल के तहत फलोदी जिले में भी नए कलेक्टर की नियुक्ति की गई है। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अंकित कुमार सिंह को फलोदी का नया जिला कलेक्टर बनाया गया है। वे फिलहाल डूंगरपुर जिले के कलेक्टर पद पर कार्यरत थे। 39 वर्षीय अंकित कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और इससे पहले करौली और बांसवाड़ा में कलेक्टर रह चुके हैं। फलोदी की वर्तमान कलेक्टर श्वेता चौहान को जयपुर में आयुक्त उद्यानिकी के पद पर नियुक्त किया गया है। इससे राज्य के उद्यानिकी विभाग को उनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद है।

**युवा अधिकारियों पर भरोसा :** इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल में राज्य सरकार ने युवा आईएएस अधिकारियों पर भरोसा जताया है। जोधपुर जैसे बड़े और संवेदनशील जिले में आलोक रंजन और राहुल जैन जैसे अधिकारियों की नियुक्ति यह संकेत देती है कि सरकार प्रशासन में नई सोच और प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दे रही है। आने वाले समय में इन नियुक्तियों के परिणाम जमीनी स्तर पर देखने को मिल सकते हैं।

## समाचार-सार

### गुरों का तालाब में मिला युवक का शव

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के प्रतापनगर स्थित गुरों का तालाब में एक व्यक्ति का शव मिला। पहचान के बाद आज शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजन को सुपुर्द किया गया। वह अपनी पत्नी व बच्चों से अलग ही रहता था। उसने सुसाइड किया या गिरा इस बारे में फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। प्रतापनगर थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि गुरों का तालाब में एक व्यक्ति का शव मंगलवार को मिला था। जिसकी बाद में पहचान मूलत: ब्यावर हाल संजय गांधी कॉलोनी निवासी सूरज प्रकाश के रूप में की गई। थानाधिकारी ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों से अलग रहता था। मंगलवार को पुजारी गुरों का तालाब की तरफ आए तो वह पानी में पड़ा दिखा। बाद में उसके परिजन भी मौके पर आ गए थे। शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया गया है। वह तालाब में गिरा या सुसाइड किया इस बारे में अग्रिम जांच जारी है।

### जोधपुर के तीरंदाज का आंध्रप्रदेश में जलवा

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित सीनियर, मिनी सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में जोधपुर जिले की एकलव्य तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ी विराट कल्ला ने रिकर्व राउंड (अंडर-13) वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह खिलाड़ी एकलव्य आर्चरी अकादमी के प्रशिक्षक पारशराम के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर रहा है। विराट कल्ला की इस उपलब्धि पर जोधपुर जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष हापूराम चौधरी, सचिव सुरेन्द्र तथा जोधपुर आर्चरी कोच घनश्याम ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।




### जोधपुर से बांसवाड़ा के लिए एसी बस सेवा शुरू




**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के जोधपुर डिपो से बांसवाड़ा तक 448 किलोमीटर की दूरी पर वाया नाथद्वारा एवं उदयपुर एसी बस सेवा शुरू की जा रही है।

यह बस प्रतिदिन शाम छह बजे जोधपुर के केंद्रीय बस स्टैंड से रवाना होगी और अगले दिन सुबह लगभग 4.30 बजे बांसवाड़ा पहुंचेगी। इस नई सुविधा से दक्षिण राजस्थान की ओर जाने वाले यात्रियों को अब आरामदायक और सीधी यात्रा का लाभ मिलेगा। बस पाली, नाडोल, देसूरी, चारभुजा और नाथद्वारा होते हुए रात 12 बजे उदयपुर पहुंचेगी। उदयपुर से 12.30 बजे रवाना होकर सलूंबर होते हुए दूसरे दिन अलसुबह 4.30 बजे बांसवाड़ा पहुंचेगी। वापसी में भी बस शाम 6 बजे बांसवाड़ा से रवाना होगी, जो सलूंबर होते हुए रात 10 बजे उदयपुर पहुंचेगी। रात 10.30 बजे रवाना होकर नाथद्वारा, देसूरी, नाडोल, पाली होते हुए अल सुबह 4.30 बजे जोधपुर पहुंचेगी। इस सेवा के संचालन में मुख्य प्रबंधक उमेद सिंह, यातायात प्रबंधक ताराचंद आजाद एवं मुख्य समय पालक बृज सुंदर रत्नू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### रीशड्यूल रहेगी जोधपुर-साबरमती रेलसेवा

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के लूनी-मारवाड रेलखंड के पाली मारवाड-बोमादडा स्टेशनों के मध्य ब्रिज ग्रिडर लॉन्चिंग कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित जोधपुर -साबरमती रेलसेवा रीशड्यूल रहेगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 14821 जोधपुर-साबरमती रेलसेवा दो अप्रैल को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से दो , चार को डेढ़ और पांच अप्रैल को दो घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।

# घरेलू परेशानियों के चलते ऑटो चालक ने लगाया फंदा

## किराए पर रहने वाली युवती ने फंदा लगाकर दी जान

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में बोंबे मोटर के पास स्थित हरिराम की बगेची में एक व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक अकेला ही रहता था। पुलिस ने दोपहर में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया। वहीं राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के ठेंगड़ी नगर स्थित वस्त्र मंत्रालय के पीछे किराए पर रहने वाली एक युवती ने भी फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वह मूल रूप से उत्तरप्रदेश की रहने वाली थी और पिछले पांच साल से यहां पर रह रही थी।

थानाधिकारी गोविंद व्यास ने बताया कि बोंबे मोटर स्थित हरिराम की बगेची में रहने वाले 55 साल के अली खां पुत्र जमाल खां का शव आज सुबह घर में फंदे पर लटका मिला। उसने रस्सी से फंदा लगाकर खुदकुशी की। पड़ौस में रहने वाली उसकी भाभी खाने के लिए बुलाने गई तब फंदे पर लटके होने की जानकारी मिली। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया गया। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक समस्या का बताया गया है। वह तीन चार महिनों से बेरोजगार था और अपनी टैक्सी भी नहीं चला रहा था। दोपहर में कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया गया है। कोई संदेह जाहिर नहीं किया गया है, संभवत- उसने रात में या अलसुबह ही फंदा लगाया था।

वहीं राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश के रामपुरा जालोन हाल ठेंगड़ी नगर वस्त्र मंत्रालय के पीछे रहने वाली 36 साल की संध्या पुत्री रघुवीर सिंह ने अपने किराए के मकान में गत 24 मार्च को फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। वह यहां पर अकेली रहती थी। उत्तरप्रदेश में उसके परिजन को सूचना दी गई। परिजन मंगलवार को जोधपुर पहुंचे। उसके पिता रघुवीर सिंह ने मर्ग दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी पांच साल पहले ही घर छोड़ दिया था और वह यहां अकेली रहती थी। पुलिस ने बाद में शव को कार्रवाई कर हिन्दू सेवा मंडल के सुपुर्द कर दिया।

# मंदिर में पारिवारिक झगड़ा, वीडियो वायरल

## पूजा-पाठ करने को लेकर परिवार के लोग झगड़े, पुलिस ने पाबंदी के लिए लगाया कोर्ट में इस्तगासा




हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** बलदेवराम मिर्धा चौराहा के पास मंगलवार रात बालाजी मंदिर में पुजारी के परिवार के लोग आपस में झगड़ लिए। मामला मारपीट और धक्काधूम तक पहुंच गया। बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। हालांकि किसी तरफ से रिपोर्ट नहीं दी गई है। पुलिस ने अब मंदिर को संभालने वाले परिवार के लोगों को पाबंद किए जाने को लेकर कोर्ट में इस्तगासा लगाया है। झगड़े का आरंभिक तौर पर कारण पूजा पाठ को लेकर है जोकि बारी का बताया जाता है। इधर आज पुलिस ने इस मंदिर पर ताला लगा दिया। इसके बाद विरोध जताने पर ताला खोला गया।

उदयमंदिर थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि बालाजी मंदिर में रात साढ़े 11 बजे झगड़े की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पता लगा कि मंदिर को संभालने वाले परिवार के लोग ही आपस में झगड़ रहे है। इनके बीच में पूजा पाठ की बारी को लेकर यह झगड़ा हुआ है। एक अप्रेल को बारी चेंज होनी थी लेकिन घर के कुछ लोग दूसरे पक्ष को बारी देने से मना कर रहे थे। मंदिर आने वाले चढ़ावें को लेकर भी यह विवाद है। पुलिस ने हालांकि किसी को शांतिभंग में बंद नहीं किया है, लेकिन परिवार के लोगों को पाबंद करवाने के लिए कोर्ट में इस्तगासा लगाया गया है। अग्रिम कार्रवाई कोर्ट के आदेशानुसार होगी। किसी ने फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। रात हुए झगड़े के वीडियो भी सोशल मीडिया पर आज जमकर वायरल हुआ है। जिसमें परिवार के लोग आपस में झगड़ते और मारपीट करते देखे गए है।

# सड़क पर चलते लोडिंग ऑटो रिक्शा में लगी आग

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** ओसियां के पास पड़ासला रोड पर चलती लोडिंग ऑटो रिक्शा में आग लग गई। इसके चलते लोडिंग ऑटो रिक्शा के आगे का हिस्सा जल गया। सीएनजी किट लगी गाड़ी में 11 किलो गैस थी। हालांकि फायर ब्रिगेड और पुलिस की सजगता की वजह से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मतोड़ा थानाधिकारी अमानाराम ने बताया कि शाम चार बजे एक लोडिंग ऑटो रिक्शा ओसियां की तरफ से आ रहा था। अचानक गाड़ी में आग लग गई। इसके चलते लोडिंग ऑटो रिक्शा के आगे का हिस्सा जल गया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। वहीं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से टैक्सी के आगे का केबिन पूरी तरह जल गया। हालांकि सीएनजी टैंक को नुकसान नहीं पहुंचा।



# बिना लाइसेंस हुक्का बार चलाने पर पुलिस का एक्शन

## अलग-अलग कार्रवाई में तीन आरोपियों को पकड़ा, पहले भी की गई थी कार्रवाई

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर में अवैध हुक्का बार को लेकर प्रतापनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस टीम की ओर से मौके से कैफे में धूम्रपान सामग्री मिली। कैफे में सेवन के लिए रखे गए हुक्का चिलम, पाइप और तंबाकू युक्त फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए गए हैं।

शहर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने 9वीं चौपासनी रोड स्थित कैफे सीओ-3 पर दबिश दी। वहां अवैध रूप से हुक्का बार का संचालन मिला। पुलिस टीम को मौके से कैफे में धूम्रपान सामग्री मिली। कैफे में पीने के लिए रखे गए हुक्का चिलम, पाइप और तंबाकू युक्त फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए गए। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दिलीप नगर लाल सागर निवासी दीपांशु जैन पुत्र लक्ष्मी चंद जैन को गिरफ्तार किया।

वहीं भगत की कोठी पुलिस टीम की ओर से 30 मार्च को भगत की कोठी थाना क्षेत्र में भी पीली टंकी के पास कार्रवाई की गई। यहां पर टीम ने एक हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से हुक्का सेवन की सामग्री जप्त की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कैलाश पंवार पुत्र भोमाराम मेघवाल निवासी खेतसागर जेठाणिया पुलिस थाना देचू को गिरफ्तार किया। इसी तरह एयरपोर्ट थाना पुलिस की ओर से सिविल एयरपोर्ट रोड स्थित ऑन द फॉर्म रेस्टोरेंट और बार पर भी कार्रवाई की गई। यहां पर पुलिस टीम को मौके पर बिना लाइसेंस के हुक्का बार संचालित होते हुए नजर आया। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए संचालक रोहित हिरवानी पुत्र प्रभुराम सिंधी निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड को गिरफ्तार किया। यहां पूर्व में भी हुक्का बार को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन आरोपी फिर से हुक्का बार संचालन शुरू कर देता।

# तीन दिवसीय श्री ब्रज भाव महोत्सव 12 से, बैनर का विमोचन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर ब्रह्मबाग जालोरी गेट के आध्यात्मिक सभागार में बारह से चौदह अप्रेल तक दोपहर दो से सायं छह बजे तक श्री पुष्टि मार्गीय वैष्णव मण्डल द्वारा श्री ब्रज भाव महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में गिरिराज जतीपुरा से संगीतमय कथा का रसपान कराने हेतु छैल बिहारी रसिक अपने दल के साथ पधारेंगे। तीन दिवसीय इस महोत्सव में ठाकुरजी की विभिन्न लीलाओं गोवर्धन लीला, श्रीनाथजी का प्राकट्य उत्सव आदि, छप्पन भोग और कीर्तन आदि का आयोजन होगा। आज श्री अजनेश्वर आश्रम के गादीपति शांतेश्वर महाराज और चांदोजी की गड्डी के मठाधीश अनुभव दास महाराज के करकमलों से इस ब्रज भाव महोत्सव के बैनर का विमोचन किया गया।




# रक्तदान के साथ दो दिवसीय पीपा जयंती महोत्सव शुरू

## नेत्र जांच शिविर भी आयोजित, शोभायात्रा आज




हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** संत शिरोमणि पीपा महाराज की 703वीं जयंती पर दो दिवसीय महोत्सव आज से शुरू हो गया। पहले दिन आज रक्तदान व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

श्री समस्त पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट जोधपुर के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत आज पहले दिन रातानाडा स्थित समाज भवन में रक्तदान तथा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान को लेकर युवाओं में भारी उत्साह रहा। वहीं नेत्र जांच के लिए सीनियर सिटीजनों की भीड़ उमड़ी। संत पीपा महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। विजय चौक स्थित संत पीपा महाराज के मंदिर के व्यवस्थापक हनुमान चावड़ा ने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर आज शाम विजय चौक मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन डॉ.. विजय लक्ष्मी गोयल के निर्देशन में किया गया। इसके बाद दो अप्रैल को सुबह पीपा महाराज के सभी मन्दिरों पर प्रात: पूजा अर्चना के साथ ही हवन किया जाएगा। समाज के लोग अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा पाठ कर विश्व शांति की प्रार्थना करेंगे।

**शोभायात्रा में मंगल कलश लेकर चलेगी महिलाएं :** वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल ने बताया कि दो अप्रैल को सुबह पूजा अर्चना के बाद विजय चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी। विद्यानगर, सूरसागर तथा माता का थान क्षेत्र से शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये सभी लघु यात्राएं विजय चौक पहुंचकर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हो जाएगी। वहां पर सुबह 10.30 बजे अतिथियों द्वारा केसरिया झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा। शोभायात्रा प्रभारी सीताराम पंवार, पृथ्वीराज चौहान तथा झांकियां प्रभारी दिलीप सोलंकी ने बताया कि शोभायात्रा में भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत अनेक झांकियां शामिल रहेगी। करीब पांच सौ मातृशक्ति अग्रिम पक्ति में कलश उठाए चलेगी। शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से आरम्भ होकर अजयचौक, गुलाब सागर, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, मोहनपुरा पुलिया होकर आर्य समाज भवन पहुंच कर संपन्न होगी। कोषाध्यक्ष डा. इन्द्रमल गोयल ने बताया कि इसके पश्चात समाजबंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन होगा।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### हर मोर्चे पर ईरान भारी



अमेरिका और इजरायल ईरान के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं तथा युद्ध को 34 दिन हो गए हैं दोनों ही तरफ से सैकड़ो जान चली गई है हजारों घायल हो गए हैं और अरबों खरबों की संपत्ति नष्ट हो गई है। बड़ी संख्या में दोनों तरफ से विमान खत्म हो गए हैं अन्य साज सामान नष्ट हो गए हैं। लेकिन अब तक का जो निचोड़ सामने आया है उससे साफ है कि ईरान इन दोनों देशों पर सामरिक दृष्टि से आर्थिक दृष्टि से सैन्य दृष्टि से कूटनीतिज्ञ दृष्टि से राजनीतिक दृष्टि से और रणनीति में भारी पड़ रहा है। अमेरिका विश्व का नंबर एक देश था उसका पूरा दबदबा चलता था लेकिन वह इस युद्ध में भीगी बिल्ली बन गया है। उसका कई साल का दबदबा टूट गया है उसका घमंड चूर-चूर हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह बौखला रहे हैं उनके हर घंटे नए स्टेटमेंट आ रहे हैं पूरी दुनिया में उनका मजाक बन रहा है अमेरिका का समुद्री क्षेत्र में 50 साल से दबदबा था आज स्थिति यह है कि वह अपने बड़े जंगी जहाज को ईरान की मार से बचाने की कोशिश कर रहा है। अरब देशों में उसके बनाए हुए मिलिट्री एयर स्पेस तबाह हो चुके हैं ईरान का कहर देखने के बाद उन सारे देशों ने अमेरिका को कह दिया है कि अपने सैनिकों को हटाओ हमारे यहां से एयर स्पेस से निर्माण का संचालन बंद करो हम नहीं करने देंगे ईरान ने भी चुन चुन कर और एअर स्पेस पर हमला किया है, स्पेन फ्रांस सहित कई देश मना कर चुके हैं कि अमेरिका के सैनिक विमान को उनके देश की धरती से नहीं उड़ने देंगे। ईरान ने हार्मुज रास्ते पर आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप कर दी है वह उन देश के जहाज को आने दे रहा है जो अमेरिका के खिलाफ है और उसके साथ हैं अब तो उसने टैक्स की वसूली भी चालू कर दी है। ईरान द्वारा जिस तरह की मिसाइल का उपयोग किया जा रहा है उसने अमेरिका की नींद उड़ा दी है अब तक 4000 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली मिसाइल का उसमें उपयोग कर लिया है जबकि दुनिया को पता था कि ईरान के पास 2000 किलोमीटर तक की मार करने वाली मिसाइल ही मौजूद है अब कहां जा रहा है कि 4000 किलोमीटर की तो मिसाइल से उसने अमेरिका और ब्रिटेन का एयर बेस उड़ा दिया अभी भी उसके निशाने पर कोई अमेरिकी सैनिक ठिकाने हैं ईरान के खिलाफ अमेरिका को युद्ध के लिए भड़काने वाला इसराइल और उसकी राष्ट्रपति नेतन्याहू जिंदा है या मर गए कुछ पता नहीं लग रहा है इसराइल को तो पूरा बर्बाद कर दिया गया है ईरान ने उसके चारों ओर मजबूत घेराबंदी कर दी है। **वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

1912 : आरएमएस टाइटैनिक का समुद्री परीक्षण शुरू हुआ था.
1984 : अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा, मिशन सोयूज टी-11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने.
1999 : मास्को में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) की शिखर बैठक सम्पन्न हुई थी.
2011: भारत ने 1983 में पहले वर्ल्ड कप जीतने के बाद आज ही के दिन दूसरी बार वर्ल्ड कप जीता था.

**-धर्म चंद मेहता**

### क्रॉस फायर

❑ट्रंप ने कहा हार्मुज के रास्ते नहीं मिल रहा है तेल तो अमेरिका से खरीदें।
◆गारंटी कौन लेगा की तेल मिल जाएगा।

❑राहुल गांधी बोले मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित हुई।
◆भ्रष्टाचार का पर्यायवाची भी बन गई।

❑फ्रांस इटली ने भी अमेरिकी सैनिक विमानो को ए यर स्पेस देने से किया मना।
◆फोन घर बैठे मुसीबत मोल लेगा

❑ईरान ने अमेरिकी कंपनियों पर हमले की धमकी दी।
◆यह भी युद्ध की एक रणनीति है।

❑संसद में पेश कैग रिपोर्ट में खुलासा जवानों के वेतन भत्तों में दिक्कत तो कई सैन्य अस्पताल भी खस्ताहाल।
◆फिर हथियार खरीदने का क्या मतलब।

❑बिहार के नालंदा में शीतलाष्टमी मंदिर में भगदड़ से आठ लोगों की मौत।
◆मोक्ष की प्राप्ति हो गई।

❑राहुल गांधी का दावा एक दो महीने में वित्तीय भूकंप आने वाला है।
◆शुभ शुभ बोल सारी बातें सच्ची होती है।

❑फर्जी सिलिकोसिस सर्टिफिकेट पर 12 करोड़ उठाए , दो डॉक्टर गिरफ्तार।
◆इलाज करने के लिए डॉक्टर बने या बेमानी करने के लिए।

**..............अंजू लोढ़ा**

### आज का राशिफल

**गुरुवार 02 अप्रैल, 2026**

**मेष राशि:** आज परिवार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के अच्छे संयोग बने हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें ताकि शुभ फल प्राप्त होता रहे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ, मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृषभ राशि:** पुरानी समस्याओं का अंत होगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन राशि:** खर्च और कर्ज आज आपकी चिंता का कारण बन सकता है इसलिए सोच-समझकर कार्य करें, अनावश्यक खर्च से बचें। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। वाद-विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

**कर्क राशि:** आज दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता होगी। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषणों की खरीदारी होगी।

**सिंह राशि:** आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में सहयोग प्राप्त होगा। बीमार व्यक्ति को रोग से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या राशि:** आध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। भाग्य आज आपका साथ देने के लिए तत्पर है। नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि:** आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं। माता-पिता के साथ मतभेद हो सकता है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपको जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्तियों का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा। मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**धनु राशि:** आज उन्नतिदायक दिन होगा। अचानक कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। शत्रु पराजित होंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा।

**मकर राशि:** मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता आज आपके कदम चूमेगी। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ राशि:** आज वाद-विवाद में न पड़ें अन्यथा विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**मीन राशि:** आत्मविश्वास एवं पराक्रम वृद्धि के कारण सफलता प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ प्राप्त होगा। बुजुर्गों और उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने के कारण आप मानसिक रूप से किसी भी प्रकार के बोझ से मुक्त होंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान: भजनलाल सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर विज़न



राजस्थान में विकास की रफ्तार अब सड़कों के जरिए नई ऊंचाइयों को छू रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से भजनलाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए यह साबित कर दिया है कि मजबूत सड़क नेटवर्क ही समृद्ध अर्थव्यवस्था की नींव होता है। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है—हर गांव, हर ढाणी और हर शहर को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़कर 'विकसित राजस्थान' के सपने को साकार करना।

**'वित्तीय अनुशासन और प्रभावी क्रियान्वयन'** वित्तीय वर्ष 2025-26 में सार्वजनिक निर्माण विभाग को 12,500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया, जिसमें से 11,823 करोड़ का व्यय कर लगभग 95 प्रतिशत बजट का सफल उपयोग किया गया। यह आंकड़ा न केवल वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

**'सड़क अवसंरचना में ऐतिहासिक प्रगति'** राज्य में सड़क निर्माण और उन्नयन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। वर्ष 2025-26 में कुल 5,778 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया, जबकि 2,502 किलोमीटर राज्य राजमार्गों एवं जिला सड़कों का विकास किया गया। इसके साथ ही 6,496 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाया गया। सरकार ने 3,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण और अन्य जिला सड़कों ओडीआर को प्रमुख जिला सड़कों एमडीआर में अपग्रेड कर कनेक्टिविटी के स्तर को एक नई ऊंचाई दी है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**'ग्रामीण कनेक्टिविटी को मिला नया आयाम'** राज्य सरकार ने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाने के संकल्प को मजबूती से निभाया है। जनगणना 2011 के तहत 223 और उसके बाद की 212 बसावटों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया। साथ ही 12 नई बसावटों तक सड़क पहुंचाकर विकास के दायरे को और विस्तारित किया गया।

**'प्रमुख परियोजनाओं में तेजी'** अटल प्रगति पथ जैसी फ्लैगशिप योजना के तहत 175 परियोजनाओं को पूरा किया गया। इसके अलावा 5 रेलवे ओवरब्रिज , 3 रेलवे अंडरब्रिज और 4 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कर यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाया गया। ये परियोजनाएं न केवल समय की बचत करती हैं, बल्कि दुर्घटनाओं को कम करने में भी सहायक हैं।

**'एक्सप्रेसवे: भविष्य की दिशा'** राजस्थान में एक्सप्रेसवे विकास को लेकर भी सरकार गंभीर है। 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर डी पी आर का कार्य जारी है, जिनमें से 7 पीडब्लूडी और 2 NHAI के अंतर्गत हैं। पीडब्लूडी के 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की धारा 4 की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जो भविष्य में तेज रफ्तार परिवहन का आधार बनेगी।

**'2026-27: और बड़े लक्ष्य, और तेज विकास'** सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए और भी महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। 15,078 करोड़ के बजट के साथ राज्य की कनेक्टिविटी को विश्वस्तरीय बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है। नई सड़कों के 6,000 किलोमीटर निर्माण, 2,600 किलोमीटर राजमार्ग विकास और 6,800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 2,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को रू्रु में अपग्रेड करने की योजना है।

**'हर बसावट तक सड़क: PMGSY का विस्तार'** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत 900 नई बसावटों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

**'नई परियोजनाओं का विस्तार'** अटल प्रगति पथ के तहत 250 नई परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा 11 ऋ्रु, 12 ऋ्रु और 8 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण की योजना से राज्य में यातायात नेटवर्क और मजबूत होगा।

**'एक्सप्रेसवे का अगला चरण'** 9 एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की DPR तैयार करने और 2 एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण (धारा 19) की प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कदम राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

**'निष्कर्ष: विकास की सड़कों पर दौड़ता राजस्थान'** भजनलाल सरकार की नीतियां स्पष्ट रूप से यह दर्शाती हैं कि बुनियादी ढांचे का विकास केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और सामाजिक समृद्धि का माध्यम भी है। मजबूत सड़क नेटवर्क से जहां उद्योगों को गति मिलेगी, वहीं किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। 'मजबूत सड़कें, खुशहाल राजस्थान' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी सोच है—जो प्रदेश को विकास के नए युग में प्रवेश कराने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

## आज हनुमान जन्मोत्सव विशेष: 'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुँ लोक उजागर'

**जयदेव राठी**

भारतीय सनातन संस्कृति अपने भीतर जितनी व्यापक है, उतनी ही गहन भी। यह केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक आयाम को दिशा देने वाली एक शाश्वत परंपरा है। इसी परंपरा में हनुमान जयंती का पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह दिन हनुमान के अवतरण का उत्सव है, किंतु इससे कहीं अधिक यह उनके आदर्शों—भक्ति, बल, सेवा और विनम्रता—को आत्मसात करने का अवसर भी है।

वर्तमान युग में, जब मानवीय मूल्यों में निरंतर क्षरण दिखाई देता है, तब हनुमान जयंती हमें हमारी जड़ों से पुनः जुड़ने का आह्वान करती है। सनातन संस्कृति में हनुमान जी को संकटमोचक कहा गया है—अर्थात् वे जो संकटों को दूर करते हैं। परंतु यह केवल दैवीय शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि मनुष्य यदि अपने भीतर निहित शक्ति को पहचान ले, तो वह हर संकट से उबर सकता है। हनुमान जी का जीवन इसी आत्मबल और आत्मविश्वास का अद्भुत उदाहरण है। जब रामायण में समुद्र लांघने का प्रसंग आता है, तब प्रारंभ में वे अपनी शक्ति को भूल जाते हैं। परंतु जाम्बवन्त के स्मरण कराने पर वे अपने वास्तविक सामर्थ्य को पहचानते हैं और असंभव को संभव कर दिखाते हैं। यह प्रसंग आज के मनुष्य के लिए एक गहन प्रेरणा है—कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। हनुमान जी की भक्ति का स्वरूप अद्वितीय है। उन्होंने अपने जीवन को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया। यह भक्ति निष्काम थी—न उसमें कोई अपेक्षा थी, न कोई अहंकार। यही कारण है कि वे केवल एक भक्त नहीं, बल्कि आदर्श सेवक के रूप में पूजनीय हैं।

रामचरितमानस में उनका यह भाव अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त हुआ है,
'प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया।



राम लखन सीता मन बसिया॥'
यह पंक्तियाँ दर्शाती हैं कि हनुमान जी का मन सदा राम, लक्ष्मण और सीता के चिंतन में ही रमा रहता था। आज के समय में, जब मनुष्य अनेक प्रकार की इच्छाओं और विकर्षणों में उलझा हुआ है, यह एकाग्रता और समर्पण हमें जीवन की दिशा दिखा सकता है।

हनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे अत्यंत विद्वान और ज्ञानी भी थे। वे नवव्याकरण के ज्ञाता थे और उन्होंने सूर्यदेव से शिक्षा प्राप्त की थी। यह संतुलन—शक्ति और ज्ञान का—सनातन संस्कृति का मूल तत्व है। आज के युग में, जहां केवल भौतिक शक्ति और संसाधनों को ही महत्व दिया जा रहा है, वहां हनुमान जी का आदर्श यह सिखाता है कि बिना ज्ञान के शक्ति अधूरी है। हनुमान जी का चरित्र अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में उनके गुणों का जो वर्णन किया गया है, वह केवल भक्ति का नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवनशैली का मार्गदर्शन भी है,
'बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं, हरहु कलेश विकार॥'
यह पंक्तियां केवल प्रार्थना नहीं हैं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति हैं कि मनुष्य को अपने दोषों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यही आत्मचिंतन सनातन संस्कृति का मूल है। आज जब युवा पीढ़ी अनेक प्रकार के भ्रम और दबाव में जी रही है, तब हनुमान जी का आदर्श उन्हें आत्मविश्वास और दिशा प्रदान कर सकता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि यदि हमारे भीतर दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन हो, तो हम किसी भी कठिनाई का सामना कर सकते हैं। यह संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा में हनुमान जी के गुणों का अत्यंत प्रभावशाली वर्णन मिलता है,
'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर।
जय कपीस तिहुँ लोक उजागर॥'
'राम दूत अतुलित बल धामा।
अंजनि पुत्र पवनसुत नामा॥'
इन पंक्तियों में हनुमान जी के ज्ञान, गुण और अतुलनीय बल का वर्णन किया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे केवल बलवान ही नहीं, बल्कि एक दिव्य दूत हैं, जो धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं।

हनुमान जयंती का पर्व सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस दिन विभिन्न स्थानों पर भंडारे, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और शोभायात्राएं आयोजित की जाती हैं। ये आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। इन आयोजनों में हर वर्ग के लोग एक साथ मिलकर भाग लेते हैं, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है। यही सनातन संस्कृति की वास्तविक शक्ति है—जो विविधताओं को समेटकर एकता का सूत्र प्रदान करती है।

किन्तु यह भी एक चिंतनीय तथ्य है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इन पर्वों के मूल उद्देश्य को भूलते जा रहे हैं। त्योहारों का स्वरूप अब दिखावे और औपचारिकता तक सीमित होता जा रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम हनुमान जयंती के वास्तविक संदेश को समझें और उसे अपने जीवन में उतारें। केवल पूजा-अर्चना करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके गुणों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धा है।

हनुमान जी का एक और महत्वपूर्ण गुण है, विनम्रता। अपार शक्ति और ज्ञान होने के बावजूद उन्होंने कभी अहंकार नहीं किया। जब लंका दहन के बाद वे लौटते हैं, तो अपने कार्य का श्रेय स्वयं नहीं लेते, बल्कि इसे प्रभु की कृपा मानते हैं। यह विनम्रता आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है, जहां सफलता के साथ अहंकार भी बढ़ता जा रहा है।

ग्रंथों में भी हनुमान जी की स्तुति अत्यंत भावपूर्ण ढंग से की गई है
'मनोजवं मारुततुल्यवेगं
जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं
श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥'
यह श्लोक हनुमान जी के तेज, वेग, इन्द्रियनिग्रह और बुद्धिमत्ता का सुंदर चित्रण करता है। यह केवल स्तुति नहीं, बल्कि एक आदर्श चरित्र की परिभाषा भी है—जिसमें बल, संयम और बुद्धि का समन्वय हो। हनुमान जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि सनातन संस्कृति केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी है। यह पर्व हमें अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और जीवन को एक उच्च उद्देश्य की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। यदि हम हनुमान जी के जीवन से एक भी गुण चाहे वह भक्ति हो, सेवा हो या विनम्रता, अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा जीवन न केवल सफल, बल्कि सार्थक भी बन सकता है। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है, अपने भीतर के हनुमान को जागृत करना और जीवन को धर्म, सेवा और प्रेम के मार्ग पर अग्रसर करना।।

## हनुमान जयंती: भक्ति, शक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम

**महेन्द्र तिवारी**

हनुमान जयन्ती का पावन पर्व हिंदू धर्मानुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी उत्सव है। यह दिन भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो शक्ति, भक्ति, निष्ठा और त्याग के प्रतीक हैं। यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, और वर्ष 2026 में यह 2 अप्रैल को है। हनुमान जी का चरित्र अद्भुत है, क्योंकि वे एक ओर असीम बल के स्वामी हैं तो दूसरी ओर विनम्रता की प्रतिमूर्ति। वे शिव के ग्यारहवें रुद्र अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पवन देव के आशीर्वाद से हुआ, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। उनके जन्म की कथा अत्यंत प्रेरणादायक है, जिसमें माता अंजना की तपस्या और भगवान शिव का वह अंश समाहित है जो संसार को बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए अवतरित हुआ। हनुमान जी के बचपन की वह कथा आज भी बच्चों से लेकर वृद्धों तक के मन में रोमांच भर देती है, जब उन्होंने सूर्य देव को एक लाल फल समझकर निगलने का प्रयास किया था। यह घटना उनके उस अदम्य साहस और अलौकिक क्षमता का प्रतीक है, जो सीमाओं से परे है। इंद्र के वज्र प्रहार से उनकी ठुड्डी पर लगी चोट ने उन्हें 'हनुमान' नाम दिया, लेकिन उसी क्षण देवताओं द्वारा मिले वरदानों ने उन्हें अपराजेय बना दिया। ब्रह्मा जी ने उन्हें लंबी आयु का वरदान दिया, तो अग्नि ने उन्हें आग से न जलने का और वरुण ने जल से सुरक्षित रहने का आशीष दिया। ये वरदान केवल व्यक्तिगत सिद्धियाँ नहीं थीं, बल्कि भविष्य में होने वाले धर्म और अधर्म के युद्ध की तैयारी थी। हनुमान जयंती पर जब हम उनके जीवन का स्मरण करते हैं, तो उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रसंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्य देव से वेदों का ज्ञान प्राप्त किया और व्याकरण में इतनी निपुणता हासिल की कि वे 'महाव्याकरण' कहलाए। उनका व्यक्तित्व बल और बुद्धि के विलक्षण समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। रामचरितमानस और रामायण में हनुमान जी की भूमिका एक ऐसे सेतु की तरह है, जो विरक्त को अनुराग से और भक्त को भगवान से जोड़ती है। ऋष्यमूक पर्वत पर जब उनकी भेंट श्री राम से हुई, तो वह मिलन इतिहास का सबसे पवित्र मिलन बन गया। एक साधारण वानर के वेश में वे अपने प्रभु के पास गए, लेकिन राम की पारखी नजरों ने पहचान लिया कि यह कोई साधारण जीव नहीं है। इसके बाद हनुमान जी का पूरा जीवन राममय हो गया। हनुमान जयंती के इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का विश्लेषण करना आवश्यक है। समुद्र लांघने की उनकी क्षमता हमें सिखाती है कि यदि आत्मविश्वास दृढ़ हो, तो सौ योजन का विशाल सागर भी छोटा पड़ जाता है। लंका में अशोक वाटिका के भीतर माता सीता की खोज करना और उन्हें प्रभु राम की मुद्रिका देना उनके धैर्य और बुद्धिमानी की पराकाष्ठा थी। उन्होंने लंका दहन के माध्यम से रावण के अहंकार की लंका को भस्म किया, जो यह संदेश देता है कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य की एक लौ उसे राख करने के लिए पर्याप्त है।

हनुमान जी का 'सुंदरकांड' केवल एक अध्याय नहीं है, बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर हार रहे मनुष्य के लिए विजय का मंत्र है। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए जब वे द्रोणागिरि पर्वत उठाने गए, तो वे केवल एक जड़ी-बूटी नहीं लाए, बल्कि उन्होंने सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा के मार्ग पर असंभव शब्द का कोई स्थान नहीं है। यदि औषधि की पहचान नहीं हो सकी, तो उन्होंने पूरे पर्वत को ही उठा लिया—यह उनके निर्णय लेने की क्षमता और कार्य के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। हनुमान जयंती की पूजा विधि और इसमें निहित प्रतीकों का भी गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। भक्त मंदिरों में जाकर हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करते हैं।

इसके पीछे वह प्रसिद्ध कथा है जिसमें उन्होंने माता सीता को अपनी मांग में सिंदूर लगाते देखा था और जब उन्हें पता चला कि यह श्री राम की लंबी आयु के लिए है, तो उन्होंने अपने पूरे शरीर पर ही सिंदूर मल लिया। यह निश्छल भक्ति का वह स्वरूप है जहाँ भक्त अपने आराध्य की प्रसन्नता के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है। हनुमान चालीसा का पाठ, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है, आज दुनिया के कोने-कोने में गूंजता है। इसकी हर पंक्ति में एक विशेष ऊर्जा है।

## अदम्य बल, अटूट भक्ति: श्री हनुमान जन्मोत्सव का दिव्य संदेश



**-सुनील कुमार महला**

2 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को चैत्र मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पूरे विश्व में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस, निष्ठा, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है। इस पावन व पवित्र दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। हनुमान भक्त व्रत रखते हैं और बालाजी महाराज को चूरमा, लड्डू, पेड़ा, नारियल, लाल ध्वज व सिंदूर अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से भय, संकट, रोग, भूत-प्रेत बाधा और सभी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी अंजनी पुत्र, केसरीनंदन और पवनपुत्र कहलाते हैं, कलियुग के देवता तथा चिरंजीवी माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग के अंतिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को आंजन नामक पर्वतीय क्षेत्र में हुआ माना जाता है। जन्म के बाद वायुदेव ने उनका नाम 'मारुति' रखा था, किंतु भगवान इंद्र के वज्र प्रहार से ठुड्डी (हनु) पर आघात होने के कारण वे 'हनुमान' कहलाए। उन्हें रुद्र (भगवान् शिव) का ग्यारहवाँ अवतार माना जाता है और देवताओं के वरदान से वे अजेय, निरोग और अमर माने गए हैं। हनुमान जी असीम बल, तीक्ष्ण बुद्धि और परम भक्ति के अद्वितीय संगम हैं। श्रीरामचरितमानस सुंदरकांड में कहा गया है- 'अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं, दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।।' वे अणिमा, लघिमा, महिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सहित अष्ट सिद्धियों के स्वामी तथा पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्व नामक नव निधियों के दाता कहे जाते हैं और इसीलिए उन्हें कहा गया है -'अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता...।' उनके बल का अलंकारिक वर्णन यह है कि 10 हजार हाथियों का बल एक ऐरावत हाथी में, 10 हजार ऐरावतों का बल एक इन्द्र में और 10 हजार इन्द्रों(भगवान् इंद्र) का बल उनके(हनुमान जी) एक रोम में निहित है। वे इच्छानुसार सूक्ष्म से विशाल रूप धारण कर सकते हैं; लंका में प्रवेश करते समय उन्होंने 'मसक(मच्छर) समान' रूप लिया, सुरसा के सम्मुख महाविशाल हो गए और परिस्थिति के अनुसार अपने आकार का परिवर्तन किया। बाल्यकाल में उन्होंने सूर्य को फल समझकर निगलने का प्रयास किया; उसी समय राहु भी सूर्य को ग्रसने आया था, जिससे सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया-यह प्रसंग उनकी अपार शक्ति के साथ-साथ जिज्ञासा और साहस का भी प्रतीक है और बालकों के उत्साह को सही दिशा देने का संदेश भी देता है। रामायण में हनुमान जी का योगदान अद्वितीय और निर्णायक है। उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुँचकर सीता माता का पता लगाया, अशोक वाटिका में उन्हें श्रीराम की विजय का आश्वासन दिया, विभीषण से भेंट कर उन्हें भगवान् राम पक्ष में लाया, लंका दहन कर लंकापति रावण को चुनौती दी और युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए वे द्रोणागिरि पर्वत सहित संजीवनी बूटी उठाकर ले आए थे।

इतना ही नहीं, वानर सेना के साथ मिलकर उन्होंने लगभग 52 किमी लंबा और 3 किमी चौड़ा 'रामसेतु निर्माण' कराने में सहयोग दिया। लंका में प्रवेश करते समय उनका सूक्ष्म रूप, विभीषण से ब्राह्मण वेश में मिलना और सीता माता से छोटे वानर रूप में संवाद उनकी नीति, विवेक और परिस्थिति-बोध को दर्शाता है। सुरसा ने उनकी बुद्धि और बल से प्रसन्न होकर 'रामकाज सफल होगा' का आशीर्वाद दिया। पाठकों को बताता चलूं कि हनुमान जी केवल बलवान ही नहीं, अत्यंत बुद्धिमान, नीतिज्ञ और कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे।

# हनुमान जन्मोत्सव आज, मंदिरों में होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

## शहर में गूंजेगी हनुमान चालीसा की चौपाइयां, मंदिरों में लगेगा सवामणी का भोग, संगीतमय सुंदरकांड के पाठ होंगे

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे।



हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पाल बालाजी मंदिर में सुंदरकांड सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद हनुमानजी का पंचामृत से स्नान व विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 11 बजे सुंदरकाण्ड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। इसके साथ ही हनुमानजी को 51 सवामणी का भोग लगाया जाएगा व फिर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा और आकर्षक रोशनी की जाएगी।

वहीं ज्वाला विहार स्थित बालाजी मंदिर में सुबह शिखर पर ध्वजा चढ़ाई चढ़ाई जाएगी। माल्यार्पण के बाद भोग अर्पित किया जाएगा। शाम को बालाजी के नाम एक शाम का आयोजन और सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। माया देवी के सान्निध्य में आरती होगी। इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सेवादारों का सम्मान किया जाएगा। रातानाडा शिव मंदि रोड श्रीराम चौराहा स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर को आकर्षक फूलमंडली व विशेष रोशनी से सजाया जाएगा और बालाजी की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। शाम पांच बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा व 21 किलो लड्डू का भोग लगाकर संध्या आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। रातानाडा पुरानी लोको स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मंदिर सेवक पंडित ओमप्रकाश श्रीमाली महाराज के सान्निध्य में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर को आकर्षक फूलमंडली व विशेष रोशनी से सजाया जाएगा और श्री हनुमान व देव प्रतिमाओं का मनोरम श्रृंगार किया जाएगा।

पंचमुखी बालाजी मंदिर सिटी पुलिस क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से अखंड रामायण पाठ एवं संकीर्तन मंडल द्वारा भक्ति रस से भरपूर आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत आरती के साथ होगी। सुबह आइ बजे अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा, जिसका समापन तीन अप्रैल को सुबह नौ बजे पूर्ण आरती के साथ होगा। शास्त्री नगर सेक्टर ए स्थित शनिधाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन चमत्कारी दक्षिण मुखी वीर हनुमान का महाभिषेक, बागा, चोला, पोशाक धारण करवाई जाएगी। शाम 5 बजे सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ होगा। पृथ्वीराज नगर विकास समिति द्वारा संचालित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

सिवांची गेट सोहमगढ़ स्थित सतगुरु देव भगवान सोहम आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह ध्वजारोहण, सोहम बाबा और रामभक्त हनुमान की तस्वीर पर माल्यार्पण और विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसादी एवं सोहम भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।जागरूक युवा फोर्स समिति की ओर से श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमान चौक जालप मोहल्ला में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सायंकाल महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

चांदपोल गोवर्धन तालाब स्थित श्री हनुमानगढ़ मंदिर में सुबह श्रृंगार, फूलमंडली तथा शाम को आरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार चांदपोल के बाहर स्थित संकट हरण बालाजी मंदिर में निशुल्क पाठ के 26 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को सायं 5 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रसाला रोड शेखावतजी का तालाब स्थित श्री बालाजी मंदिर में मारुति नंदन को चूरमे के लड्डू और रोट का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही हर वर्ष की भांति इस बार भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। घोड़ों का चौक सोजतियां घाचियों का बास स्थित श्री सिद्ध मनोकामना पूर्ण बालाजी मंदिर मेंदोपहर दो बजे से विजय भारती महाराज के सान्निध्य में संगीतमय रामचरित मानस एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। रात्रि आठ बजे बालाजी आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

झूलेलाल महल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पंचायत अध्यक्ष प्रभु ठारवानी व महिला मंडल की काजल भूलचंदानी ने बताया कि दोपहर बारह बजे जब हनुमानजी का का जन्म हुआ था ठीक उसी वक्त जन्मोत्सव पंडित कमलेश तिवारी के सानिध्य में मनाया जाएगा। कार्यक्रम पूज्य सिंधी पंचायत व पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष राम तोलानी, महासचिव लक्ष्मण खेतानी, महेश खेतानी, पूनम मोतियानी की देख देख में संपन्न होगा।

# अंकित कांग्रेस कमेटी देहात के प्रवक्ता नियुक्त

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन हरसहाय यादव के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी जोधपुर देहात (अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग) की ज़िला कार्यकारिणी/ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा संगठन महासचिव सागर मावर द्वारा पार्टी प्रवक्ता के पद पर जेएनवीयू के पूर्व छात्रसंघ महासचिव अंकित गहलोत को मनोनीत किया गया। अंकित गहलोत पूर्व में एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं। अंकित गहलोत ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा, हरसहाय यादव व सागर मावर का आभार व्यक्त किया।उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं।




Office of the
Municipal Board, Bhopalgarh (Jodhpur) Rajasthan
Tel : 02920-294500
Email : eombbhopalgarh@gmail.com

**Municipal Board, Bhopalgarh (Jodhpur) Rajasthan**

**कार्यालय नगर पालिका भोपालगढ़ (जोधपुर) राज.**

क्रमांकः न.पा.भो./2026-27/919 दिनांक : 01.04.2026

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित कृषि भूमि से आवासीय प्रयोजनार्थ आबादी भूमि के 69-क के तहत पट्टा हेतु निम्न आवेदनकर्ताओं ने पालिका में आवेदन पत्र पेश किया है, जिस किसी को उज्र एतराज हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजों के पालिका में कार्यालय समय के दौरान प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने पर उज्र एतराज पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदित भूमि के नाम व पड़ौसी निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | स्थान | क्षेत्रफल (व.मी.) | प्रयोजन | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती समुदेवी पत्नी श्री रामपाल सुथार | राईका बाग भोपालगढ़ | 196.28 | 69-क आवासीय | मुरलीधर शर्मा का मकान | किरण देवी | उज्वल स्कूल | 13 फिट आम रास्ता व निकाल |
| 2. | श्रीमती कनुड़ी पत्नी श्री गुलाबराम | भाकरी चौकीदारों का बास भोपालगढ़ | 533.55 | कृषि भूमि से आवासीय खसरा सं. 4617/890 | इसी खसरे की शेष भूमि | इसी खसरे की शेष भूमि | 30 फीट रास्ता व निकाल | खसरा नं. 4445/891 की भूमि |
| 3. | श्रीमती परमा पत्नी भोपाराम | सैनी स्कूल के सामने भोपालगढ़ | 111.36 | 69-क आवासीय | कल्याण सिंह पुत्र श्री राहुल सिंह का प्लॉट | श्री श्याम लाल पुत्र श्री मिश्री लाल विश्नोई का प्लॉट | गुमानराम राव का प्लॉट | आम रास्ता व निकाल |
| 4. | श्रीमती शोभा पत्नी हीराराम राव | बलदेव कॉलोनी भोपालगढ़ | 125.46 | 69-क आवासीय | आम रास्ता व निकाल | श्री शिव लाल पुत्र श्री रामदीन मेघवाल की भूमि | आम रास्ता व निकाल | गुदड़ राम मेघवाल की भूमि |

**अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, भोपालगढ़**


# छात्रा वंशिका कच्छवाहा का स्कूल में किया अभिनन्दन



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (राज महल) अजय चौक की कक्षा 12वीं कला वर्ग की छात्रा वंशिका कच्छावाह का आज विद्यालय में अभिनन्दन किया गया।

विद्यालय की प्रिंसिपल कमलेश वर्मा ने साफा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया। वंशिका कच्छवाहा ने कक्षा 12वीं कला वर्ग में 97.40 प्रतिशत प्राप्त किए। सम्मान के बाद विद्यालय की छात्राओं ने रैली के रुप में वंशिका कच्छवाहा को उसके निवास तक पहुंचाया। विद्यालय की प्रिंसिपल कमलेश वर्मा ने बताया कि वंशिका ने बिना किसी कोचिंग और ट्यूशन के अपनी खुद की मेहनत पर अपने आप को अनुशासन में रखकर यह अंक प्राप्त किए हैं। वंशिका सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है।

# प्रो. कटारिया ने संभाला विभागाध्यक्ष का कार्यभार

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में प्रो. कान्ता कटारिया को विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। प्रो. कटारिया ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में प्रो. कटारिया समाज विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता के रूप में भी कार्यरत है। इससे पूर्व भी प्रो. कटारिया 2020-2023 के बीच विभागाध्यक्ष का कार्य कर चुकी है। प्रो. कटारिया का विभाग के प्रो. रामसिंह आढ़ा, डॉ. विजयश्री, डॉ. नागेन्द्र सिंह भाटी, डॉ. दिनेश कुमार गहलोत, अन्य विभागों के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारी, अतिथि शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर, विद्यार्थियों ने अभिनन्दन किया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अर्जुनलाल मीना, अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मदन मोहन, अंग्रेजी विभाग के डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. विवेक पहाडिया, भूगोल विभाग के डॉ. ललित सिंह झाला, डॉ गौरव कुमार जैन, इतिहास विभाग के डॉ. दिनेश राठी, केदार मीना, निशा कंवर, मोनिका कंसारा, डॉ भावना नाटी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



# पूर्व नरेश गज सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** पूर्व नरेश गज सिंह की असाधारण व उल्लेखनीय जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक बापजी- महाराजा आफ मारवाड़ जोधपुर दी किंग हू वुड बी मैन का मुंबई नरीमन प्वाइंट स्थित देश के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र नेशनल सेंटर फॉर दी परफॉर्मिंग आर्ट्स में लोकार्पण किया गया। लोकार्पण उन्होंने खुद ने किया। इस अवसर पर हेमलता राज्ये भी उपस्थित थी।




यह पुस्तक लेखक अमननाथ व योगी वैद्य द्वारा लिखी गई है एवं मैपिंग पब्लिशिंग प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक 185 पृष्ठ की है। इसमें गज सिंह व जोधपुर राज परिवार के दुर्लभ और नये चित्रों का समावेश किया गया है। पुस्तक में गज सिंह व जोधपुर राज परिवार के बारे में कई जानकारी का उल्लेख किया गया है। समारोह को पुस्तक के लेखक अमननाथ व योगी वैद्य ने संबोधित किया और पुस्तक के प्रकाशन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर राजस्थान के लंगा बंधुओ ने रंग-ए-थार राजस्थानी लोकगीतों व धुनो की लोक वाद्य यंत्रों के साथ शानदार प्रस्तुत किया। खड़ताल पर जाकिर खान, ढोलक पर सादिक खान, सारंगी पर आसीन खान लंगा ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी।


क्रमांकः 4931 दिनांकः 25.03.2026

**NIB PWD2526A6291**

**निविदा सूचना सं. 33/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/सड़क निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 14 पैकेज/कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 131.18 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 30.03.2026 प्रातः 9.30 बजे से दिनांक 10.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।

UBN No. : 1. PWD2526WSOB26258, 2. PWD2526WSOB26259, 3. PWD2526WSOB26260, 4. PWD2526WSOB26261, 5. PWD2526WSOB26262, 6. PWD2526WSOB26263, 7. PWD2526WSOB26264, 8. PWD2526WSOB26265,9. PWD2526WSOB26266, 10. PWD2526WSOB26267, 11. PWD2526WSOB26268, 11. PWD2526WSOB26269, 12. PWD2526WSOB26270, 13. PWD2526WSOB26271, 14. PWD2526WSOB26271

DIPR/C/6245/2026

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड, अजमेर


# सोयब बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ) द्वारा संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस क्रम में सोयब अली को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोयब अली लंबे समय से सामाजिक कार्यों एवं जनसेवा से जुड़े रहे हैं। कच्ची बस्तियों में उनके सक्रिय योगदान और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है।



# बेंतमार मेले को लेकर महिलाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

## सुरक्षा व सादगीपूर्ण आयोजन की उठाई मांग



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित बालवाड़ी स्कूल के बाहर गणगौर पूजन करने वाली महिलाओं ने एकजुट होकर मानव श्रृंखला बनाकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संदेश दिया।

महिलाओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस बार बेंतमार मेले में बाहर से आने वाले मनचलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूजा स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि आयोजन को पूरी तरह सुरक्षित और मर्यादित रखा जाए। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने यह भी मांग रखी कि इस वर्ष किसी प्रकार के स्टेज या स्टेज प्रोग्राम आयोजित नहीं किए जाएं। केवल गवर माता की प्रतिमा विधिवत रूप से स्थापित की जाए और पूजा पारंपरिक तरीके से संपन्न हो। महिलाओं का कहना था कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी सादगीपूर्ण और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने एक स्वर में सुरक्षित एवं अनुशासित गणगौर उत्सव मनाने का संकल्प लिया।

# दो बार एवरेस्ट फतह करने वाली संतोष यादव ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## पद्मश्री यादव ने सुनाए पर्वतारोहण के रोचक अनुभव, रेलकर्मचारियों ने लिया प्रेरणा से आगे बढने् का संकल्प

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** दो बार माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई करने वाली विश्व की पहली महिला एवं पद्मश्री सम्मानित संतोष यादव ने बुधवार को यहां मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया।




उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन परिस्थितियां अवश्य आती हैं,लेकिन धैर्य,साहस और दृढ़ संकल्प से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। पर्वतारोहण के अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कर्मचारियों को निरंतर आगे बढने् के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संतोष यादव का जीवन संघर्ष,साहस और उपलब्धियों का अद्भुत उदाहरण है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। यादव ने बताया कि वर्ष 1990 में एक अंतरराष्ट्रीय अभियान में वे एकमात्र महिला सदस्य थीं,जहां उन्होंने 25,170 फीट ऊंची चोटी पर सफल चढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 1992 एवं 1993 में दो बार माउंट एवरेस्ट फतह कर विश्व इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी**

क्रमांक-3734 दिनांकः 24.03.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 30/2025-26**

**NIB Code : PWD2526A6279**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड केकड़ी में विभिन्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूर संचार रेलवे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', 'बी', 'सी' व 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 04 (चार) |
| कार्य का नाम | Various Building Works under PWD Dn Kekri |
| निविदा की कुल लागत | 41.28 लाख |
| धरोहर राशि 2 प्रतिशत | 82560/- |
| ऑनलाइन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रातः 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक | दि. 25.03.2026 प्रातः 9.00 बजे से दि. 06.04.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की दिनांक | दि. 07.04.2026 दोपहर 12.00 बजे |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा बाबत् | शासन सचिव, राजस्थान सरकार वित्त (सामान्य एवं लेखानियम विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ.6 (5) वित्त/साविलेनी/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2022 के अनुसार निविदा दाता द्वारा ईग्रास पर प्रोफाईल बनाने के बाद ई प्रोक्यूरमेन्ट हेतु बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL फीस का भुगतान एक ही चालान से ऑनलाइन जमा करवाया जायेगा। जिसमें से RISL फीस बजट मद 8658-00-102-(16)-[02] (निर्माण विभाग) निर्धारित राजस्व मद में बिडर द्वारा जमा कराने हेतु ई-ग्रास पर प्रावधान उपलब्ध रहेगा एवं निविदा शुल्क बजट मद 0075-00-800-52-01 (निर्माण प्रपत्र शुल्क) में करवाया जायेगा। बिड सिक्यूरिटी राशि बजट मद 8443-108 (निर्माण विभाग) में डिविजन कोड 19250 का चयन ई-ग्रास पर किया जाकर जमा कराना अनिवार्य होगा। |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

(भीमसिंह मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड, केकड़ी

DIPR/C/6253/2026


# आयुर्वेद विवि में पंचकर्म स्किल लैब, रिसर्च व विजिटर गैलरी का शुरू



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर .(वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने विश्वविद्यालय के पंचकर्म विभाग में स्थापित पंचकर्म स्किल लैब, रिसर्च गैलरी तथा पंचकर्म सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में विजिटर गैलरी का विधिवत उद्घाटन किया। पंचकर्म स्किल लैब में स्नातकोत्तर, स्नातक एवं पंचकर्म थैरेपिस्ट विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कार्यक्रम में पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कुलगुरु एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा विभाग की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कुलगुरु ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचकर्म स्किल लैब, रिसर्च गैलरी एवं विजिटर गैलरी विद्यार्थियों के कौशल विकास, अनुसंधान एवं व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार आयुर्वेद शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने स्किल लैब, रिसर्च गैलरी एवं विजिटर गैलरी का अवलोकन किया तथा उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रोफेसर दिनेश शर्मा (शरीर क्रिया विभाग) एवं डॉ. अरुण दाधीच (रोग एवं विकृति विज्ञान विभाग) पंचकर्म विभाग सहायक आचार्य डॉ. दिलीप कुमार व्यास, डॉ. अचलाराम कुमावत, डॉ. गौरीशंकर राजपुरोहित, शोधार्थी एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आज से

**जोधपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण, साई प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर में आवासीय एवं गैर आवासीय खिलाडियों की चयन प्रक्रिया का आयोजन दो से चार अप्रैल तक बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में होगी। केन्द्र प्रभारी हनवन्तसिंह राठौड़ ने बताया कि बॉक्सिंग खेल बालक वर्ग के लिए आवासीय योजना एवं जिम्नास्ट्रिक्स खेल के लिए गैर आवासीय योजना बालक एवं बालिकाओं के लिए चयन प्रकिया दो अप्रैल को सुबह आठ बजे रखी गई है। चयन प्रक्रिया के लिए दो अप्रैल को सुबह आठ बजे भारतीय खेल प्राधिकरण, साई प्रशिक्षण केन्द्र बी के स्टेडियम पाल रोड जोधपुर में उपस्थित होना हैं।


**Office of the Executive Engineer, Watershed Devlopment & Soil Conservation Panchayat Samiti Masuda, BEAWAR**

File no. ()/1161 **NOTICE INVITING BID** Date: 26.03.2026

**NIB No 17/25-26/Masuda/Badnor**

Bids for Construction of Sunkon Pond, Percolation Tank and RTWHS under MJSA 2.0 (Phase-II), state Fund Block of estimated Value Rs. 38.61 Lacs are invited from interested bidders 30.03.2026 9.30 AM to 6.00 of 09.04.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

NIB: WSC2526A2006
UBN: WSC2526WSOB03324
DIPR/C/6281/2026

(Anil Kumar Arora)
Watershed Development and Soil Conservation PS Masuda (Beawar)

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
**Rajasthan Public Service Commission, Ajmer**
Tel : 0145-2635200 Email : rpsc@rajasthan.gov.in

एफ 3(38)स्टोर/नीलामी/रालेसेआ/25-26/39 दिनांक : 27.03.2026

**नीलामी सूचना**

आयोग कार्यालय में स्थित विविध अनुपयोगी सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 13.04.26 को अपरान्ह 03.00 बजे से की जानी है। सामग्री का पुस्तक मूल्य लगभग राशि रू. 03.87 लाख एवं न्यूनतम बिक्री मूल्य (आरंभिक बोली मूल्य) 35,000/- निर्धारित किया गया है। बोली लगाने से पूर्व राशि 7800 रू. नगद/ड्राफ्ट आयोग कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। सामग्री का अवलोकन आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी के समय या पूर्व में किया जा सकता है। सामग्री की बिक्री एकमुश्त की जायेगी। नियमानुसार जी.एस.टी. व आयकर सफल बोलीदाता द्वारा पृथक से स्वयं जमा करवाया जायेगा। अधिकतम बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग का होगा। नीलामी की शर्तें आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

DIPR/C/6284/2026
सहा. सचिव

# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ मनाया काला दिवस

## श्रम संगठनों ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा






**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर में आज विभिन्न श्रम संगठनों ने चार श्रम संहिताओं के खिलाफ काला दिवस मनाया और कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए एडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

इंटक के प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल दत्त जोशी व रेलवे कर्मचारी नेता मनोज परिहार ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के मंच ट्रेड यूनियनों ने आज काला दिवस मनाया। यह दिन केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय नियमों की अधिसूचना के लिए पहले से घोषित तिथि है। इस अवसर पर इंटक नेता मंडल दत्त जोशी ने बताया कि ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम विरोधी, नियोक्ता-समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं, जिन्हें तथाकथित श्रम सुधार के नाम पर लाया गया है। गत बारह फरवरी की आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। इसके अलावा, इन संहिताओं के मसौदा तैयार करने के चरण से ही ट्रेड यूनियनों जैसे हितधारकों से कोई परामर्श नहीं किया गया। मनोज परिहार ने कहा कि ये श्रम संहिताएं देश के श्रमिकों को फिर से ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास हैं। श्रमिक वर्ग ने औपनिवेशिक काल में अत्यधिक शोषण के खिलाफ और स्वतंत्र भारत में भी 8 घंटे के कार्यदिवस, कार्यस्थल सुरक्षा, यूनियन बनाने और संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी, आंदोलन करने और हड़ताल के अधिकार के लिए संघर्ष किया है। मुकेश सक्सेना ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा, ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, स्थायी कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम के लिए समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी और पेंशन के अधिकार के लिए भी लड़ाई लड़ी है। न्यूनतम वेतन कानूनों को कमजोर कर गरीबी रेखा से नीचे राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करने की कोशिश की जा रही है। ये संहिताएं संगठित क्षेत्र को असंगठित बनाने और असंगठित श्रमिकों को अधिकारों से वंचित करने की दिशा में हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों के पास इन श्रम संहिताओं के खिलाफ संघर्ष जारी रखने और उनके क्रियान्वयन के खिलाफ प्रतिरोध खड़ा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रदर्शन में रविंद्र प्रजापत, परमानंद, विक्रम सिंह, बन्ने सिंह, दीपेन्द्र सिंह, मुकेश सक्सेना, प्रीतम सिंह, जयराम खांगटा, मण्डल दत्त जोशी, पुखराज सांखला, बद्री नारायण परिहार, धीरेंद्र सिंह, घनश्याम गोयल, मदन लाल मेघवाल, जगदीप सोलंकी इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# भगवान परशुराम जयंती पर तीन दिवसीय समारोह 17 से

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भगवान परशुराम की जयंती पर सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से सिवांची गेट स्थित परशुराम महादेव मंदिर में 17 से 19 अप्रैल तक तीन दिवसीय समारोह होगा। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश बोहरा और जिलाध्यक्ष आनंदराज पुरोहित ने बताया कि 17 अप्रैल को संत समागम व गणेश पूजन होगा। 18 अप्रैल को भगवान परशुराम के विग्रह का पंचामृत, शहद, केसर से विशेष अभिषेक और रुद्राभिषेक किया जाएगा। फिर भजन संध्या होगी। इसके अगले दिन 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 16वें परशुराम पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजीत पुरोहित मुख्य अतिथि होंगे। विधायक देवेंद्र जोशी, डॉ. नगेंद्र शर्मा और अधिवक्ता आनंद पुरोहित विशिष्ट अतिथि रहेंगे। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भक्ति कार्यक्रम होंगे। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष शीला आसोपा ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ की ओर से घरों में दीप जलाए जाएंगे और मंदिरों में भगवान परशुराम की आरती व पूजन होगा। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार शर्मा के अनुसार जयंती पर शहर के मंदिरों में अभिषेक, पूजा-अर्चना और गोशालाओं में गोसेवा के कार्यक्रम भी होंगे।

# बंबा मंडल कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बंबा मंडल कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई।

मंडल अध्यक्ष अकरम उमर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक हर माह आयोजित की जाती है बैठक में शहर विधानसभा प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारी और मतदाता सूचियों में हो रही गड़बड़ी को रोकने और सुधार करने पर जोर देने की आवश्यकता है।

सर्राफा बाजार ब्लॉक अध्यक्ष अख्तर खान सिंधी ने बताया कि प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे संगठन बढ़ाओ संविधान बचाओ के तहत जल्द ही वार्ड कमेटियों का गठन किया जाएगा। बैठक में अल्पसंख्यक अध्यक्ष फिरोज फेम, लियाकत अली रंगरेज, हाजी शेर मोहम्मद रंगरेज, जगदीश भाटी, अब्दुल जावेद, यूसुफ नागौरी, वसीम अख्तर, अजीज पठान, लियाकत लोहार, गोविंद पुरी, धनराज सांखला, यूसुफ बैलीम, अल्ताफ खान, गयासुद्दीन चौहान, रफीक बेलीम, मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अयूब, शेर अली फौजदार, साबिर हुसैन, इरफ़ान गौरी, अब्दुल करीम, मोहम्मद यूसुफ, ताहिर मोहम्मद, इमरान तंवर सहित मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शोध छात्रा सदफ़ को पीएचडी की सनद

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के उर्दू विभाग द्वारा मेधावी शोध छात्रा सदफ़ सिद्दीक़ी को पीएचडी की सनद प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। सदफ़ ने अपना शोध कार्य प्रतिष्ठित विद्वान डॉक्टर अजीजुल्लाह शीरानी के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका शोध विषय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उर्दू आलोचक और शायर डॉक्टर तकी आबेदी के साहित्यिक अवदान 'जदीद जाविए' पर आधारित है, जो उर्दू आलोचना के समकालीन आयामों को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक तथा वाइस चांसलर डॉक्टर जमील काजमी ने सदफ़ सिद्दीक़ी को बधाई देते हुए कहा कि किसी अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व पर किया गया यह शोध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला है। डीन रिसर्च डॉक्टर तालेअ जमा और आंतरिक परीक्षक डॉक्टर नुसरत फातिमा ने कहा कि डॉक्टर तकी आबेदी माहिर-ए-इकबालियत होने के साथ-साथ एक बेमिसाल अदीब हैं, जिन पर किया गया यह शोध उर्दू अदब की गंभीर परंपरा में महत्वपूर्ण इज़ाफ़ा है। सदफ़ सिद्दीक़ी के पिता, सेवानिवृत्त उर्दू व्याख्याता काजी अनीसुद्दीन सिद्दीकी ने अपनी खुशी व्यक्त की। साहित्यकार अब्दुल समद राही हाजी मोहम्मद यूसुफ कमाल वाजिद हसन काजी लियाकत खान एम एस ज़ई, कथाकार जेबा रशीद, हाजी सैयद आरिफ अली, अब्दुल वाहिद बाबू, अब्दुल मुकत्तदिर खताई आदि ने खुशी जाहिर करते हुए मुबारकबाद दी है।



# मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने पर सरकार को नोटिस

## हाईकोर्ट ने 24 अप्रैल तक जवाब तलब किया

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश अरुण मोंगा और न्यायाधीश सुनील बेनीवाल की खंडपीठ ने ग्रुप मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने को चुनौती दिए जाने पर भारत सरकार, केंद्रीय वित्त सचिव, जीएसटी काउंसिल, राज्य सरकार तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब तलब किया है और आदेश दिया कि जमा जीएसटी रिट याचिका के निर्णयधीन रहेगी।



अनिल भंडारी ने अधिवक्ता अनिल भंसाली और सुनील भंडारी के माध्यम से रिट याचिका दायर कर कहा कि जीएसटी काउंसिल ने देश के आम नागरिकों के हितार्थ स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर जीएसटी को समाप्त करने की सिफारिश गत वर्ष तीन सितंबर को की और उसी अनुरूप केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 17 सितंबर को जारी अधिसूचना में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने का प्रावधान किया और अंकित किया कि बीमा प्राप्त करने वास्ते ग्रुप के अलावा अन्य प्रकार के ग्रुप पर यह राहत नहीं होगी। प्रार्थी के अधिवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि वे अपना और परिवार का मेडिक्लेम बीमा पिछले चार दशक से स्वयं प्रीमियम भर कर करवाते आ रहे हैं और उनकी पॉलिसी सिर्फ नाम से ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी है, जबकि वास्तव में यह व्यक्तिगत पारिवारिक मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी है और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के जरिए ली जाने वाली बीमा का जो ग्रुप बनाया गया है,उसके आधार पर प्रार्थी जीएसटी छूट का हकदार है इसलिए एक अप्रैल से जारी होने वाली बीमा पॉलिसी प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया जाना गलत है। इस पर राजस्थान हाइकोर्ट की खंडपीठ ने भारत सरकार, केंद्रीय वित्त सचिव, जीएसटी काउंसिल, राज्य सरकार और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को नोटिस जारी किया है।

# कृषि अवशेष व प्लास्टिक कचरे से टिकाऊ निर्माण में बड़ी पहल

## आईआईटी जोधपुर ने विकसित की नई तकनीक

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सतत (सस्टेनेबल) निर्माण सामग्री के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर ने ऐसी पेटेंट तकनीक विकसित की है, जो कृषि अवशेष और प्लास्टिक कचरे को उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री में बदलती है। यह नवाचार चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु-अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह शोध स्कूल ऑफ डिजाइन के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियब्रत राउत्रय के नेतृत्व में किया गया है, जिसमें दो नई सामग्री बायो-ब्रिक्स और एग्रो-प्लास्टिक ब्लॉक्स-विकसित की गई हैं। ये नवाचार वैज्ञानिक शोध मटेरियल इंजीनियरिंग और टिकाऊ डिजाइन सिद्धांतों का अनूठा संगम हैं। इस तकनीक का मुख्य आधार एक पेटेंट प्रक्रिया है, जिसमें धान का पुआल, गेहूं का भूसा और गन्ने का बगास जैसे कृषि अवशेषों को कम ऊर्जा वाली चूना आधारित प्रक्रिया से मजबूत निर्माण ईंटों में बदला जाता है। पारंपरिक पकी हुई ईंटों के विपरीत, इन बायो-ब्रिक्स को भट्ठों में पकाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे ऊर्जा की बचत होती है और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी कम होता है। विशेष रूप से, ये ईंटें कार्बन-नेगेटिव हैं, यानी ये अपने जीवनकाल में उत्सर्जन से अधिक कार्बन को अवशोषित करती हैं।

**प्लास्टिक और कृषि कचरे का स्मार्ट उपयोग :** इसके साथ ही विकसित एग्रो-प्लास्टिक ब्लॉक्स तकनीक मिश्रित प्लास्टिक कचरे और कृषि अवशेषों को मिलाकर टिकाऊ



निर्माण सामग्री तैयार करती है। कम ऊर्जा वाली थर्मल फ्यूजन और कंप्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से यह तकनीक बिना जटिल रीसाइक्लिंग के विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कचरे का उपयोग संभव बनाती है। इन ब्लॉक्स में बेहतर तापीय और ध्वनि इन्सुलेशन की क्षमता भी पाई गई है।

**देश का पहला बायो-ब्रिक संरचना मॉडल तैयार :** इन तकनीकों की उपयोगिता को वास्तविक परियोजनाओं के माध्यम से भी सिद्ध किया गया है। देश का पहला बायो-ब्रिक संरचना मॉडल तैयार किया जा चुका है, जबकि आईआईटी जोधपुर परिसर में बायो-ब्रिक आधारित आवास इकाई का निर्माण कार्य जारी है। इस शोध को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिल चुकी है। डॉ. राउत्रय ने बताया कि यह तकनीक केवल कचरा प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मटेरियल इनोवेशन के माध्यम से कार्बन-नेगेटिव और सर्कुलर निर्माण प्रणाली विकसित करना है।

**राष्ट्रीय और वैश्विक चुनौती का समाधान :** गौरतलब है कि भारत वर्तमान में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और बढ़ते प्लास्टिक कचरे जैसी दोहरी पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में यह नवाचार किफायती और जलवायु-अनुकूल आवास के लिए एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर शोध, उद्योग सहयोग और नीतिगत समर्थन के साथ यह तकनीक भविष्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा बदल सकती है।

ADVT.

# स्काउटर गाइडर बेसिक प्रशिक्षण एवं एडवांस प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय जोधपुर के तत्वावधान में स्काउटर गाइडर बेसिक प्रशिक्षण एवं एडवांस प्रशिक्षण शिविर चौपासनी में संपन्न हुआ।



कब मास्टर एडवांस प्रशिक्षण शिविर में 12 स्काउट मास्टर बेसिक प्रशिक्षण शिविर में 44 स्काउट मास्टर एडवांस प्रशिक्षण शिविर में 40 संभागियों ने सहभागिता की एवं इसके साथ ही फ्लॉक लीडर गाइड कैप्टन बेसिक एवं एडवांस शिविरों का भी आयोजन हुआ जिसमें कुल 75 संभागियां ने सहभागिता की। इस प्रशिक्षण के पश्चात यह सारे अध्यापक व अध्यापिका अपने विद्यालय में जाकर स्काउट गाइड प्रवृत्ति का सक्रिय रूप से संचालन करेंगे एवं उनके विद्यालय के स्काउट व गाइड को उनकी गुणात्मक अभिवृद्धि करते हुए राज्य पुरस्कार अवार्ड एवं राष्टपति अवार्ड तक पहुंचने में सक्रिय योगदान देंगे। इन संभागियों को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, प्राथमिक सहायता, पायनियरिंग प्रोजेक्ट विभिन्न प्रकार के गैजेट्स कंपास इत्यादि विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविरों में कब यूनिट लीडर एडवांस कोर्स का संचालन जीवाराम, एडवांस कोर्स का संचालन अनिल कुमार, बेसिक प्रशिक्षण शिविर का संचालन राजेंद्र कुमार लिंबा, यूनिट लीडर बेसिक शिविर का संचालन प्रकाश शर्मा, एडवांस कोर्स का संचालन विमला सिंघवी, गाइड एडवांस कोर्स का संचालन किशन देवी, गाइड बेसिक शिविर का संचालन शकुंतला पांडे द्वारा निशु कंवर के नेतृत्व में किया गया। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट छतर सिंह पिड़ीयार के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला स्तरीय सात शिविरों का आयोजन कर वयस्क लीडर की योग्यता अभिवृद्धि में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला सचिव डॉक्टर बीएल जाखड़ ने भी शिविर का अवलोकन कर संभागियों का उत्साह वर्धन किया एवं सदैव विद्यालय में जाकर गतिविधि संचालन करने हेतु प्रेरित किया।

# ट्रूकॉलर : आज दुनिया भर में 500 मिलियन से ज़्यादा लोग करते हैं उपयोग

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफ़ॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफ़र में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर यूज़र्स की संख्या लगातार काफ़ी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज़्यादा नए यूज़र्स इस प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रू कॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज़्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूज़र्स की संख्या 150 मिलियन से ज़्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की ज़रूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मज़बूत हुआ है।

# स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

## स्कूलों में किए यज्ञ व हवन, नए विद्यार्थियों का स्वागत

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पहली बार राज्य में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हुई है। स्कूल के पहले दिन आज नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। वहीं कई स्कूलों में यज्ञ व हवन किए। आर्य समाज महामंदिर के तत्वावधान में श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय महामंदिर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षिक उन्नति हेतु एक वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ आर्य समाज महामंदिर के पुरोहित हेम सिंह परिहार के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाणिज्य, विज्ञान एवं कला वर्ग में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए वाणिज्य वर्ग में राजस्थान स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र जयसिंह परिहार को 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र टाक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।



# आपसी विवाद में रास्ता रोककर मारपीट, कार के शीशे फोड़े

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के बासनी तंबोलिया गांव में एक युवक का रास्ता रोककर मारपीट किए जाने के साथ उसकी कार के शीशे फोड़ दिए गए। पीड़ित ने कुछ लोगों को नामजद कर केस दर्ज कराया है। घटना में माता का थान पुलिस जांच कर रही है। घटना मंगलवार की है। पुलिस ने बताया कि बासनी तंबोलिया निवासी नरपत पुत्र सुरजाराम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह अपनी कार लेकर गांव से निकल रहा था, तब लक्ष्मण, किशोर, पांचाराम एवं शुभम आदि ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की। उसकी कार के शीशे फोड़ दिए। पुलिस ने आरंभिक पड़ताल में इनके बीच आपसी विवाद होना बताया है। फिलहाल मामले में तफ्तीश की जा रही है।


## सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर स्थानीय पेंशनरों में खुशी

### मोयल के 80 प्लस क्लब में शामिल होने पर किया बहुमान



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर स्थानीय पेंशनर समाज भवन में पेंशनर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में जानकारी देते हुए पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल ने बताया कि माननीय न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश ने पेंशनरों के पक्ष में जो सम्मानजनक फैसला सुनाया उसके लिए सभी पेंशनर्स के चेहरे पर खुशियां लौटी है । सचिव रामस्वरूप भटनागर ने बताया कि संसद में जो विधेयक लाया गया था उस पर माननीय न्यायाधीश के फैसले के बाद अब पेंशनर्स को कर्मचारियों को मिलने वाले सभी लाभ भत्ते देय होगे । चेतन व्यास ने बताया कि माननीय न्यायालय के फैसले से पेंशनर्स का आत्म सम्मान लौटा है कोर्ट ने अपने फैसले में यह कहा है कि पेंशनर्स को देय लाभ उनके जीवन के काफी वर्षों की सेवा का प्रतिफल है । पेंशनर सत्तु सिंह भाटी ने भी इस फैसले का स्वागत किया । इस मौके पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल के 80 प्लस क्लब में शामिल होने पर उनका मुंह मीठा करवा कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फौजी अशोक सेन शंकर लाल पारीक, डॉ रशीद गौरी, भंवर सिंह, हाजी मोहम्मद हनीफ कम्पाउन्डर, मोहम्मद यासीन खरादी, जुगल किशोर दवे, हाजी अब्दुल सलीम सिलावट, ईश्वरदास पुरूषवाणी आदि उपस्थित थे।

## पूर्व शिक्षक संघ अध्यक्ष गोवर्धनलाल 'श्यामू' जोशी का निधन, आज निकलेगी अंतिम यात्रा



**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** शिक्षक संघ प्रगतिशील, जिला जोधपुर देहात के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन लाल उर्फ श्यामू जी जोशी का बुधवार 1 अप्रैल को निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से शिक्षक समाज एवं क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। शिक्षक संघ के सदस्यों सहित विभिन्न संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. जोशी की अंतिम यात्रा आज गुरुवार 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे उनके निवास लक्ष्मीपुरा, फलोदी से मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे अपने पीछे दो पुत्र मुरलीमनोहर जोशी, महेश जोशी एवं पुत्री भगवती थानवी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन को शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

## गुरूवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का होगा आयोजन

**जालोर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 2 अप्रैल, गुरूवार को प्रात: 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि अप्रैल माह के प्रथम गुरूवार 2 अप्रैल को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा।

## बीकानेर में आगामी 5 अप्रैल को गोविंद राम मेघवाल की आमसभा, तैयारियों को लेकर बैठक

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल की आमसभा को लेकर उनके फार्म हाउस पर बैठक आयोजित की गई। यह आमसभा आगामी 5 अप्रैल को प्रस्तावित है, जिसमें पूरे बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है। बैठक के दौरान मेघवाल ने जिला संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बड़े मुद्दों पर न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई और न ही कोई बड़ा आंदोलन खड़ा किया गया। साथ ही कुछ लोगों पर कार्यकर्ताओं को गुमराह करने और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने के आरोप भी लगाए।

मेघवाल ने हाल ही में हुए प्रदर्शन को लेकर दावा किया कि उसमें बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक शामिल थे, जिससे पार्टी की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बिजली, पानी, सड़क और प्रशासनिक व्यवस्था को बदहाल बताया, साथ ही पंचायत व निकाय चुनाव टालने के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। इसके अलावा, हाल में वायरल ऑडियो-वीडियो की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई। बैठक में रामेश्वर गोदारा, क्यामुद्दीन पडिहार, मामराज साहरण, लालचंद आशोपा, गोविंद मूंड, रामकुमार तेतरवाल, यासीन, सुरेश चौधरी, मुमताज, बजरंग, बेनीवाल, सुधीर बिश्नोई, भीम सिंह सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्योत लेकर जा रहे श्रद्धालु को बस ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले में नोखा थाना क्षेत्र के बुद्धरों की ढाणी के पास बुधवार सुबह सड़क किनारे तेजाजी महाराज की सुरसुरा गांव से पैदल ज्योत लेकर जा रहे एक भक्त की गाड़ी की टक्कर से मौत हो गई। इस संबंध में सुनील जाट पुत्र जगदीश जाट निवासी घंटियालो की ढाणी डेरवा ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि बुधवार दोपहर उसके पिताजी जगदीश राम जाट तेजाजी महाराज की ज्योत सुरसुरा गांव से लेकर भामटसर गांव जा रहे थे।

इस दौरान बुद्धरो की ढाणी के पास उसके पित राजूराम दो तीन अन्य व्यक्ति पैदल चल रहे सड़क पर पीछे से एक बस चालक ने तेज गति बस चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोटे आई उन्हें तत्काल एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के पुत्र की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय मरू उद्यान की जर्जर चौकियों पर सवाल: लाखों रुपये खर्च के बावजूद वन्य जीवों की सुरक्षा कैसे ?

**गडरा रोड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के पश्चिमी बाड़मेर जिले के सीमावर्ती उपखंड गडरा रोड़ क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय मरू उद्यान (Desert National Park) की हजारों बीघा जमीन पर वन्य जीव प्राणियों की रक्षा के लिए कई वर्ष पहले वनरक्षकों के रहने हेतु कच्ची झोपड़ियों (सीमा चौकियों) का निर्माण किया गया था। इन झोपड़ियों में रहकर वनरक्षक वन्य जीवों की सुरक्षा का कार्य करते हैं, लेकिन वर्तमान में इनकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है।

कई चौकियों में वनरक्षक रहने तक को तैयार नहीं हैं। कुछ चौकियों पर तो वर्षों से कोई रक्षक तैनात ही नहीं है। इन झोपड़ियों पर हजारों रुपये की जगह अब लाखों रुपये का खर्च



हो चुका है, लेकिन सुधार की स्थिति जस की तस बनी हुई है। पानी, घास और सेवन घास (स्द्ध1ड्डठ्ठ द्दह्ड्डह्यह्य) के पौधों के लिए भी कई गुना अधिक खर्च किया गया, फिर भी उद्यान की समग्र स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है।

### वन्य जीव सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

राष्ट्रीय मरू उद्यान वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र है, जहां ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण), चिंकारा, काला हिरण जैसी दुर्लभ प्रजातियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग पर है। उद्यान का बड़ा हिस्सा बाड़मेर जिले में आता है और यह सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जर्जर झोपड़ियों के कारण वनरक्षक ठीक से ड्यूटी नहीं कर पा रहे हैं। इससे शिकार, अतिक्रमण और अन्य अवैध गतिविधियों का खतरा बढ़ गया है। लाखों रुपये के खर्च के बावजूद वन्य जीवों की प्रभावी सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारियों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सुधार कार्य चल रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में जमीनी स्थिति अभी भी सुधार की मांग करती है।

## पानी की डिग्गी में डूबने से 22 वर्षीय युवती की मौत

### खेत में काम के दौरान हुआ हादसा

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले में खाजूवाला थाना क्षेत्र के चक सात पीएचएम गांव में एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवती की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परमेश्वरी कुमारी पुत्री गणेशा राम जाति बावरी खेत में काम कर रही थी और इसी दौरान वह डिग्गी से पानी निकाल रही थी। पानी की बाल्टी खींचते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह डिग्गी में जा गिर गई। जब परिजनों द्वारा इधर उधर काफी देर सर्च किया गया तो पानी की डिग्गी की तरफ ध्यान गया जब चेक किया गया तो बालिका डिग्गी में गिरी हुई मिली परिजनों ने तत्काल उसे बाहर निकालकर खाजूवाला उप जिला अस्पताल खाजूवाला पहुंचाया, जहां चिकित्सक पुनाराम रोझ ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खाजूवाला पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मृग दर्ज कर मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## बायतु जिला उप अस्पताल को शीघ्र शुरू करने के निर्देश, क्वार्टर निर्माण में देरी पर जताई नाराज़गी



**बायतु ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी ने बुधवार को बायतु जिला उप अस्पताल में आयोजित मेडिकल रिलीफ़ सोसायटी की बैठक में शामिल होकर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय स्टाफ़ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए आमजन को बेहतर, सुलभ एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

बैठक में नव-निर्मित जिला उप अस्पताल भवन को प्रारंभ करने में हो रही देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। विधायक हरीश चौधरी ने प्रशासनिक लापरवाही पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल के क्वार्टर निर्माण हेतु टेंडर होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है, जिससे अस्पताल संचालन में अनावश्यक विलंब हो रहा है और आमजन सुविधाओं से वंचित हैं।

इस दौरान उन्होंने उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक मेडिकल ऑफिसर एवं पीएमओ आवास (क्वार्टर) निर्माण कार्य को प्राथमिकता से शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

साथ ही हरीश चौधरी द्वारा मिशन डायरेक्टर, मेडिकल एंड हेल्थ, राजस्थान जयपुर को औपचारिक पत्र प्रेषित कर इस विषय को गंभीरता से उठाया गया। उन्होंने बताया कि बायतु जिला उप अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, तथा स्वीकृत बजट में शेष लगभग 1.30 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं, जिनसे मेडिकल ऑफिसर्स एवं पीएमओ आवास का निर्माण कराया जाना आवश्यक है, ताकि अस्पताल का संचालन सुचारु रूप से प्रारंभ किया जा सके।

## निर्माणाधीन रिसॉर्ट में करंट लगने से मजदूर की मौत,

### काम के दौरान हुआ हादसा

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले के नोखा से मुकाम जाने वाले स्टेट हाईवे सड़क किनारे बन रहे एक रिसॉर्ट में निर्माण कार्य के दौरान करंट आने से एक मजदूर की मौत हो गई।

इस संबंध में श्री बालाजी गांव निवासी मनोज मेघवाल ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसका भाई श्याम सुंदर जिसकी उम्र 35 साल निवासी श्रीबालाजी का निवासी था नोखा के मुकाम वाली सड़क के किनारे एक निर्माणधीन रिसॉर्ट निर्माण कार्य के दौरान काम कर रहा था वहां व का बोर्ड हटाते समय वह अचानक करंट की चपे आ गया।

घायल मजदूर को मौके पर मौजूद मजदूर नोखा के जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर पलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज मामले जांच कर रहे हैं।

# जिले में रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता - जिला कलक्टर

### कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर के लिए करवाना होगा पंजीकरण

**जालोर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं जाएगी।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिले में संचालित समस्त पेट्रोल पंपों पर सतत् निगरानी रखने व किसी भी स्तर पर अनावश्यक भंडारण न करने तथा आवश्यकता से अधिक ईंधन क्रय करने वालों पर विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया है साथ ही प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सालयों, विद्यालयों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की का रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी एक्टिव कनेक्शनधारक व्यावसायिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए संबंधित ऑयल कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर के पास पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं की जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा यह भी अनिवार्य किया गया है कि सभी कमर्शियल एवं औद्योगिक उपभोक्ता अपने क्षेत्र की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (पीएनजी) कंपनी में पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करें। आवेदन के उपरांत ही उन्हें एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के ऑयल मार्केटिंग कंपनियों में बड़े पैमाने पर कॉमर्शियल कनेक्शन हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। प्राथमिकता क्रम के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों एवं छात्रावासों तथा निजी अस्पतालों को 100 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं ढाबों तथा डेयरी उद्योगों को विभागीय निर्देशानुसार आपूर्ति की जाएगी। यह प्रतिशत संबंधित उपभोक्ताओं के औसत मासिक उपभोग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की सतत् निगरानी की जा रही हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अव्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए प्राप्त होने वाली सूचना एवं शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है।

## अप्रैल माह में होने वाले पर्वों पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जालोर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर अप्रैल माह में 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती, 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर जयंती, वैशाखी/सैन जयन्ती व 19 अप्रैल को परशुराम जयन्ती पर्व/त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, सांचोर,, बागोड़ा व चितलवाना उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल/सांचोर मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यपालक एवं सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे एवं कोई भी कार्यपालक व सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट उक्त पर्वों पर अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर नहीं जायेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे।



## राउमावि आसोप में नवप्रवेशित बच्चों किया सम्मान

**भोपालगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र के आसोप कस्बे की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसोप में बुधवार 1 अप्रेल को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशित छात्रों का विद्यालय प्रधानाचार्य हसन मोहम्मद खां एवं रुपाराम शर्मा व्याख्याता की अगुवाई में माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। विद्यालय स्टॉफ ओम प्रकाश मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चल रहा है जिसमें नवीन प्रवेश लेने वाले छात्रों का सम्मान किया जा रहा है छात्रों को प्रवेश देकर नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ मदनलाल देवडा, महेन्द्र कुमार पुनड.,रामनिवास भाटी,ओम प्रकाश मेहरा,महेन्द्रसिंह बान्ता,श्यामसिंह सांदु,वाजिद अली,कंवरीलाल गोदारा,दिनेश कुमार जांगीड, लाखाराम मेगवाल,अकबर अली,रमेश संखवाया,मंछाराम धौलिया,आदि उपस्थित रहे।



## सायला में गणपति FMCG डीलर एसोसिएशन का गठन

**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड मुख्यालय स्थित रिद्धि-सिद्धि गणपति मंदिर में बुधवार को क्षेत्र के एफएमसीजी ( फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स ) वितरकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से 'गणपति स्त्रस्ष्टत्र डीलर एसोसिएशन सायला' का गठन किया गया। बैठक में सभी वितरकों ने एकजुट होकर संगठन बनाने का निर्णय लिया, ताकि व्यापार से जुड़े मुद्दों का सामूहिक रूप से समाधान किया जा सके। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें मीठालाल प्रजापत को अध्यक्ष, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल को उपाध्यक्ष, रघुभाई अग्रवाल को सचिव तथा जीतुभाई जीनगर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सदस्य के रूप में भरतभाई राजपुरोहित, पारसभाई चौधरी एवं मदनभाई जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर यश अग्रवाल, कमलेश महेश्वरी, राम प्रकाश, राजूभाई अग्रवाल, पारस भाई, जीतुभाई माली, प्रकाश चौधरी, नरेश माली, डायालाल, रमेश आंजना सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि भारत में एफएमसीजी उद्योग देश के प्रमुख रोजगार प्रदाताओं में से एक है, जो लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। यह क्षेत्र खाद्य, पेय पदार्थ एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के कारण तेजी से विस्तार कर रहा है और ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## मामा नाडा बालाजीधाम मे जागरण आज

**पीपाड़ शहर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के सिलारी रोड़ स्थित मामा नाडा बालाजीधाम मे गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पुजारी रामानंद महाराज के सानिध्य में भव्य जागरण का आयोजन दिन में शुरू होकर देर रात तक जारी रहेगा वही हनुमान जन्मोत्सव को लेकर दिन में हवन व विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसादी का वितरण होगा साथही जागरण दोरान कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी वही बालाजी भक्तो से अधिक सख्या मे मामा नाडा बालाजीधाम पहुचने की अपील भी की गई है।

## शास्त्री नगर की श्री वीर हनुमान वाटिका में हनुमान जयंती महोत्सव आज

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी संवित् विमर्शानंद गिरि के सान्निध्य में बुधवार को शास्त्री नगर की श्री वीर हनुमान वाटिका में दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव शुरू हुआ। मुख्य समारोह गुरुवार को शाम सात बजे विशेष श्रृंगार, आरती व अंगी तथा भव्य भक्ति संगीत के साथ होगा। कार्यक्रम में बरेली व बीकानेर के सनातन धर्म जागृति के गीतों के लिए अन्तर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त वेद व्यास सहित अनेक कलाकार शामिल होंगे। श्री वीर हनुमान वाटिका समिति की सचिव श्रीमती छाया गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने व सान्निध्य प्रदान करने के लिए अग्रवाल समाज दिल्ली के समाज सेवी चार्टेड एकाउंटेंड प्रकाश गुप्ता सहित बुधवार को बीकानेर पहुंचे । उन्होंने मंदिर में सजावट, भजन संध्या में श्रोताओं की सुविधा, चमत्कारी सौम्य हनुमानजी महाराज की प्रतिमा के अंगी व श्रृंगार आदि व्यवस्थाओं, विशेष रोशनी व साज सज्जा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बुधवार को हुए कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। गुप्ता ने बताया कि वीर हनुमान वाटिका में बुधवार को पंडित आसाराम ओझा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के सहयोग से तेल सिन्दूर से अभिषेक, सुन्दर कांड व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, सवामणी का भोग सहित विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए। धार्मिक अनुष्ठान में शास्त्री नगर, डयूप्लेक्स कॉलोनी, पवनपुरी सहित शहर के विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया तथा हनुमानजी महाराज का दर्शन वंदन किया। गुरुवार को भी सवामणी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## एकात्म मानववाद और अंत्योदय ही भाजपा की आत्मा है - श्याम पंचारिया जिलाध्यक्ष बीकानेर देहात

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** कोलायत विधानसभा क्षेत्र के बज्जू मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान बज्जू मंडल अध्यक्ष सुभाष जयाणी की अध्यक्षता में बिश्नोई धर्मशाला में बुधवार को सम्पन्न हुआ । इसके अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बज्जू मंडल में प्रदर्शनी लगाना ,सुबह योग करना तथा उत्साह, अनुशासन एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचय दिया। शिविर के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष बीकानेर देहात श्री श्याम पंचारिया ने कहा कि एकात्म मानववाद और अन्तोदय का स्वरूप ही भाजपा की अंतरात्मा है इस दौरान 'वैचारिक अधिष्ठान एवं भाजपा का इतिहास' विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कैडर आधारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां कार्यकर्ता निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण के सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्या मंदिर राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार का किया लोकार्पण

# हमारी सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कर रही काम : भजनलाल शर्मा

- हर बच्चे तक पहुंचे शिक्षा की रोशनी
- विद्यालय विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास के केन्द्र बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कार के बीज बोते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में विद्या दान देकर उन्हें मजबूत बनाते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा, सहयोग और करुणा भी भावना का विस्तार कर रही है। बच्चों में शिक्षा के साथ यह विद्यालय नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर बल देता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शर्मा बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय, राजापार्क में बहुउद्देशीय सभागार के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवीन सभागार के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और भामाशाहों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभागार उन हजारों सपनों की नींव पर खड़ा हुआ है।




### आदर्श विद्या मंदिर ने समाज में फैलाया मानवता का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में करुणा का भाव विकसित करना विद्यालयों का दायित्व है, जिससे उनमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना फलीभूत हो। उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे अपनी विरासत को जानते हैं, उस देश के विकास को कोई भी नहीं रोक सकता। आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। साथ ही, शांति, सद्भाव और मानवता का संदेश यहां से निकलकर पूरे समाज में फैला है।

### भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सबसे बड़ा धन उसकी युवा पीढ़ी होती है। युवा शक्ति राष्ट्र की दशा और दिशा बदल सकती है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को गढते हैं। विद्यार्थी जब आगे बढ़ते हैं, तो उनके हर कदम में गुरु का आशीर्वाद होता है। वे युवाओं में शिक्षा के साथ ही संस्कार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब एक शिक्षित युवा समाज में जाता है।

### हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार के समय पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के सपने चूर-चूर हो गए थे, लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। हमारी सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को 4 लाख सरकारी क्षेत्र में एवं 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख 33 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों में ज्ञान अर्जन ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं मूल्यों का विकास करते हैं। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का समग्र विकास होता है। विद्या भारती द्वारा शुरू किए गए आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अवधारणा के अनुसार हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इससे पहले शर्मा ने फीता खोलकर सभागार का लोकार्पण किया तथा पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया।

# मुख्यमंत्री ने ली रामजल सेतु लिंक परियोजना की बैठक




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना की डीपीआर का तकनीकी परीक्षण केन्द्रीय जल आयोग द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के वित्त पोषण के लिए पीआईबी नोट को शीघ्र अंतिम रूप देने और इसके लिए केन्द्र सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न घटकों में तेजी लाने और मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना) के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने परियोजना के पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। साथ ही, परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना की प्रगति के संबंध में मंत्री एवं मुख्यमंत्री स्तर पर नियमित बैठक आयोजित की जाए। सतत पर्यवेक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से मासिक प्रगति रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने परियोजना से प्रभावितों को मुआवजे के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने बीसलपुर से मोर सागर (अजमेर), ईसरदा से बंध बारैठा (भरतपुर), ईसरदा से रामगढ (जयपुर), खुरा चैनपुरा से जयसमंद (अलवर) एवं ब्राह्मणी बैराज के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शर्मा ने परियोजना के विभिन्न घटकों के अलाइनमेंट की जानकारी भी ली और परियोजना से संबंधित समस्त कार्यों का सघन पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान का दमदार प्रदर्शन

### कुश्ती में चार पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

- अमित कुमार मीणा (125 किग्रा) - रजत पदक
- राकेश कुमार मीणा (65 किग्रा) - रजत पदक
- दिनेश सोलंकी (60 किग्रा) - रजत पदक
- बलकेश कुमारी मीना (महिला 68 किग्रा) - कांस्य पदक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपने दमखम और उत्कृष्ट कौशल के बल पर कुल चार पदक हासिल कर राज्य के खेल इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी। प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों के परिणाम इस प्रकार रहे।

इन उपलब्धियों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने प्रदेश को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विश्वास जताया कि ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश के लिए और अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान भी किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजस्व मण्डल अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने ली समीक्षा बैठक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व मण्डल के नव नियुक्त अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने राजस्व मण्डल से लेकर सभी अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण को लेकर बेहतरीन कार्ययोजना की क्रियान्विति पर जोर दिया । उन्होंने बुधवार को राजस्व मंडल प्रशासन एवं सभी मंडल सदस्यों के साथ बैठक में मंडल के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए और बेहतरीन ढंग से कार्य निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंडल एवं अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों का अधिक गुणवत्ता एवं शीघ्रता से निस्तारण की दिशा में कारगर कदम उठाये जाने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिये मंडल स्तर से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के विविध स्तरीय राजस्व न्यायालयों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रभावी प्रयास किये जायेंगे । उन्होंने राजस्व मंडल के प्रशासनिक दायित्वों के बारे में भी राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद एवं समस्त शाखा प्रभारी अधिकारियों से फीडबैक लिया एवं सभी दायित्वों का विधिक प्रावधानों एवं पूर्ण जवाबदेही एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से निर्वहन के निर्देश दिये।

### नरेश कुमार गोयल ने सम्भाला आयुक्त कृषि का कार्यभार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री नरेश कुमार गोयल ने बुधवार को पंत कृषि भवन में आयुक्त कृषि का कार्यभार ग्रहण किया तथा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुश्री चिन्मयी गोपाल को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नवाचार, तकनीकी विस्तार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री गोयल ने कहा कि राज्य में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने खरीफ एवं रबी फसलों के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे किसान तक पहुंचाने के लिए धरातलीय स्तर पर निगरानी और समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनायें।

एआई से होगी अधिकारियों की परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग, हर 15 दिन में समीक्षा

# परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

- आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए
- परिवहन विभाग में 80% तक पहुंची संतुष्टि, और बेहतर करने के निर्देश दिए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। देथा ने जिला स्तर पर दर्ज शिकायतों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं परिवादियों से संवाद स्थापित करें। जिन जिलों में निस्तारण प्रतिशत, समाधान पर संतुष्टि का स्तर और औसत निस्तारण समय राज्य स्तर से कमजोर है, वहां तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने बैठक के दौरान कुछ जिलों के अधिकारियों से सीधे बातचीत भी की और कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में सुधार के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव देथा ने बस स्टैंड पर साफ-सफाई, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार संबंधी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उन मामलों की भी वास्तविक स्थिति जानी, जिनमें पोर्टल पर संतुष्टि दर्ज की जा चुकी थी। उन्होंने परिवादियों से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया।



### खरीफ 2026-27 में उर्वरकों की गुणवत्ता व पारदर्शी वितरण के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान 30 अप्रैल तक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि खरीफ फसल बुवाई मौसम 2026-27 के मद्देनजर किसानों को समय पर मानक गुणवत्ता के उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद-उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राज्यभर में विशेष गुण नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 29 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष रूप से अनुदानित यूरिया के गैर-कृषि एवं औद्योगिक उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने हेतु व्यापक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतें लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर सवालिया निशानः टीकाराम जूली



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एक वर्ष में मौतों का आंकड़ा हुआ दोगुना, राजस्थान पहुंचा दूसरे स्थान पर जयपुर। राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने प्रदेश में पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतों की संख्या पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे सरकार की विफलता करार दिया है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य की कानून-व्यवस्था के इस अत्यन्त संवेदनशील और चिंताजनक पहलू की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पिछले कुछ महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पुलिस हिरासत में अभियुक्तों की मृत्यु की जो खबरें आ रही हैं, वे न केवल विचलित करने वाली हैं, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं। जूली ने बताया कि पुलिस हिरासत में बंद कैदी और बंदियों की मौतों के मामले में एनएचआरसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 25-26 में 15 मार्च तक पूरे देश में 170 कैदियों की मौतें हुई हैं, जिनमें राजस्थान दूसरे स्थान पर है। राज्य के पुलिस कारागारों में पिछले साल मौतों का आंकड़ा 9 था, जो मौजूदा वर्ष में दोगुना होकर 18 पर पहुंच गया है। ये आंकड़े पुलिस की कार्यप्रणाली पर गम्भीर सवाल खड़े करते हैं। जूली ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। जब एक व्यक्ति पुलिस अभिरक्षा में होता है, तो उसकी सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होती है। दुर्भाग्यवश, आंकडे यह दर्शाते हैं कि हिरासत में यातना और अमानवीय व्यवहार के कारण होने वाली मौतों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में होने वाली हिंसा मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। कानून का शासन डराने-धमकाने से नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच से चलता है। अधिकांश मामलों में देखा गया है कि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें केवल निलंबित कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है।

फेज वन में पूरे देश में राजस्थान अग्रणी राज्यों में रहा शामिल

# अनुपालना में कमी और विनियमन में शिथिलता द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता' - चरण—2 की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शासन सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालनों को सरल बनाने, डिजिटल समाधानों को अपनाने की प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'- चरण—2 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्राथमिकता वाले 28 क्षेत्रों में अनुमोदित कार्ययोजना अनुसार समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 'अनुपालन में कमी और विनियमन में शिथिलता'-चरण—2 में कुल 28 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। चरण-। में राजस्थान अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने संबंधित विभागों को को इस उपलब्धि के लिए सराहा तथा चरण-2 में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। वी. श्रीनिवास ने राजस्व एवं पर्यावरण विभाग को उद्योगों को राहत देने के लिए 'डीग्रेडेड फॉरेस्ट' और गैर-वन भूमि का 'लैंड बैंक' तैयार करने व तय समय सीमा में भूमि की पहचान करने एवं जानकारी जिसे परिवेश पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा।




## जयपुर : हज यात्रियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 4 और 5 अप्रैल को, आधुनिक तकनीक से दी जाएगी ट्रेनिंग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इस्लाम धर्म के सबसे मुकद्दस सफर 'हज और उमराह' पर जाने वाले जायरीन की सहूलियत के लिए सुन्नी दावते इस्लामी द्वारा दो दिवसीय विशेष हज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार, 4 अप्रैल और रविवार, 5 अप्रैल को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित होगा, जिसमें अनुभवी ट्रेनर्स हज के अरकानों (नियमों) की बारीकियों को समझाएंगे। शिविर का कार्यक्रम और स्थान 4 अप्रैल (शनिवार) : कोहिनूर मैरिज हॉल, सांगानेर।

**5 अप्रैल (रविवार) :** हीरा इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पहाड़गंज।

**समय :** सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक।

पावर पॉइंट और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित इस शिविर में मुंबई से आ रहे ट्रेनर मौलाना हसनैन नूरी, मौलाना



सैय्यद मोहम्मद कादरी और कारी मुहम्मद शकील अशरफी प्रशिक्षण देंगे। शिविर की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

**डिजिटल ट्रेनिंग :** प्रोजेक्टर के जरिए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से सफर की हर बारीकी समझाई जाएगी।

**प्रैक्टिकल प्रशिक्षण :** एहराम बांधने का तरीका, तवाफ करने के नियम और अन्य अरकानों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा।

**नियमों की जानकारीः** सऊदी अरब के कानून, एयरपोर्ट के नियम, आवश्यक दस्तावेज और यात्रा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से चर्चा होगी।

नई आपराधिक विधियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जांच प्रक्रिया में तेजी, तकनीक आधारित पुलिसिंग को मिल रही मजबूती

# महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करें : मुख्य सचिव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने महिलाओं से जुड़े अपराधों का 60 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक एफआईआर की स्थिति दो माह में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडलीपीआर (मेडिको लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट) प्रशिक्षण आयोजित करने, न्याय श्रुति को शीघ्र ऑनबोर्ड करने, जिलों में लोक अभियोजकों की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने तथा सिविल राइट्स की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर एवं सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के व्यापक उपयोग से तकनीक आधारित पुलिसिंग को सुदृढ़ करते हुए जांच प्रक्रिया को और अधिक गति दी जाए। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में नई आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन एवं स्मार्ट पुलिसिंग पहलों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों को एसएमएस अलर्ट, ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं ई-समन जैसी सुविधाएं का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को ई-साक्ष्य के उपयोग हेतु नियमित प्रशिक्षण देने तथा आपराधिक न्याय प्रणाली से जुड़े सभी स्तंभों- पुलिस, जेल, अभियोजन, फोरेंसिक एवं न्यायिक अधिकारियों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने न्यायालयों एवं कारागृहों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर सुनवाई प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं त्वरित बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से तकनीकी प्लेटफॉर्म्स का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता में निरंतर सुधार बना रहे। उन्होंने गंभीर मामलों में फोरेंसिक जांच को प्राथमिकता देने तथा घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अजय पाल लाम्बा, पुलिस महानिरीक्षक (राज्य अपराध अभिलेख ब्यूर - एससीआरबी) ने बताया गया कि फोरेंसिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं डिजिटल प्रणालियों के एकीकरण से मामलों के निस्तारण में सुधार दर्ज हुआ है। राज्य में आपराधिक मामलों के पंजीकरण, जांच एवं निस्तारण में निरंतर प्रगति हो रही है तथा निर्धारित समयसीमा में मामलों के निस्तारण की दर में वृद्धि से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग भास्कर आत्माराम सांवत; महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा; महानिदेशक जेल अशोक कुमार राठौड़; प्रमुख शासन सचिव विधि एवं विधिक कार्य विभाग; राघवेंद्र काछवाल; तिरूपति कुमार गुप्ता, शासन सचिव, गृह (विधि) एवं निदेशक अभियोजन सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वित्त विभाग, गृह विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

